# NEPA LIMITED

*(A Govt. of India Undertaking)*

# नेपा लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

## 76th Annual Report

## 76वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

## 2022-2023

Leadership at **NEPA LIMITED**

## BOARD OF DIRECTORS

**COMMODORE SAURAV DEB** (Retd.)
Chairman cum Managing Director
**कमोडोर सौरभ देब** (सेवा निवृत्त)
**(अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक)**

**SMT. MUKTA SHEKHAR**
Joint Secretary MHI
(Director)
**श्रीमती मुक्ता शेखर**
**संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय**
**(निदेशक)**

**SHRI ATUL KUMAR MISHRA**
Secretary Forest
(Director)
**श्री अतुल कुमार मिश्रा**
**सचिव वन**
**(निदेशक)**

**CA MILIND S. KANADE**
Independent
Director
**सी.ए. मिलिंद एस. कनाड़े**
**(स्वतंत्र निदेशक)**

**SHRI PRADEEP KUMAR NAIK**
Director
(Finance)
**श्री प्रदीप कुमार नाईक**
**निदेशक (वित्त)**

# Leadership at NEPA LIMITED

## KEY MANAGERIAL PERSONNEL

**SMT. PURNIMA PARASHAR**
Company Secretary
**श्रीमती पूर्णिमा पाराशर**
**(कम्पनी सचिव)**

**SHRI CHHABINATH VERMA**
Chief Financial Officer
**श्री छविनाथ वर्मा**
**(मुख्य वित्तीय अधिकारी)**

## KEY EXECUTIVES

**SHRI VINIT KUMAR, I.R.S.**
Chief Vigilance Officer
**श्री विनीत कुमार, आई. आर. एस**
**(मुख्य सतर्कता अधिकारी)**

**SHRI RAM ALAGESAN**
Chief General Manager(Technical)
**श्री राम अलागेशन**
**मुख्य महाप्रबंधक(तकनीकी)**

**SHRI AJAY GOEL**
General Manager(Operation)
**श्री अजय गोयल**
**महाप्रबंधक(प्रचालन)**

**SHRI SURENDRA KUMAR MEHTA**
Deputy General Manager(Work)
**श्री सुरेन्द्र कुमार मेहता**
**उप महाप्रबंधक(कार्य)**

# अध्यक्ष की ओर से

मैं, अपनी और निदेशक मण्डल की ओर से आप सभी का आभार प्रकट करता हूँ और तहे दिल से कम्पनी की 76वीं वार्षिक साधारण सभा में हार्दिक स्वागत करता हूँ।

कम्पनी के प्रचालन पर निदेशकों का प्रतिवेदन, वर्ष 2022-23 के लिये वित्तीय विवरण, वैधानिक अंकेक्षकों का प्रतिवेदन तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ, जो पहले से ही आपके समक्ष है, आपकी अनुमति से मैं, यह मान लेता हूँ कि इसे आपने पढ़ लिया होगा।

यह वर्ष नेपा लिमिटेड में हम सभी के लिये एक महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय वर्ष रहा है। हम अधिक प्रत्यास्थी एवं पुनर्जीवित होकर उभरे हैं तथा हमारी क्षमताओं में हमारा विश्वास उस विश्वास में परिलक्षित होता है जो हमारे ग्राहकों ने हम पर रखा है। मैं इसे संभव बनाने में अपने ग्राहकों, भागीदारों, टीम के सदस्यों एवं अन्य हितधारकों के अथक सहयोग के लिये उनका आभारी हूँ।

हमने मिश्रण कार्यशील आदर्श को अपनाया है एवं नये लोगों के सहभागिता मानदण्डों को उभरने का अवसर दिया है।

जब महामारी ने अभूतपूर्व व्यवधान उत्पन्न किया, इसने हमें जीवन बदलने वाले कुछ सबक भी सिखाये। आज, हमारे व्यावसायिक दृष्टिकोण में एक समग्र, टिकाऊ रणनीति शामिल है, जिसका उद्देश्य हमारे हितधारकों के लिये दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करना है।

**हमारे कार्यनिष्पादन एवं स्थिति को सुदृढ़ करना**

पुनरुद्धार एवं मिल विकास योजना का समापन तथा दिनांक 23.08.2022 को डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डे, माननीय भारी उद्योग मंत्री द्वारा उदघाटन विशेष रूप से कम्पनी और मध्यप्रदेश राज्य एवं सामान्य रूप से देश के लिये एक महत्वपूर्ण क्षण था।

दिनांक 05.10.2022 से वाणिज्यिक उत्पादन की शुरुआत एक बड़ी उपलब्धि थी, जब कम्पनी देश के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के समानान्तर उच्च गुणवत्ता वाले अखबारी कागज का उत्पादन करने में सक्षम हो गई।

**उज्ज्वल भविष्य**

हम अत्यधिक गतिशील वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जो अवसरों से भरपूर है, खासकर भारत में एवं आपकी कम्पनी 100000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष, लेखन एवं मुद्रण कागज तथा अखबारी कागज का उत्पादन करने की आशा करती है और इससे आयात को कम करने एवं निर्यात में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी क्योंकि आपकी कम्पनी देश के प्रमुख कागज उद्योगों में से एक बनने जा रही है। मिल के पुनरुद्धार एवं आधुनिकीकरण से मिल के चहुँमुखी विकास तथा एक सकारात्मक वित्तीय सुदृढ़ता में सहायता मिलेगी। कम्पनी राजस्व बढ़ाना चाहती है और आकारिक मितव्ययिता, संसाधनों के कुशल उपयोग एवं मूल्य श्रृंखला प्रबंधन को सुनिश्चित करके बाजार में कागज की मांग परिदृध्य में सुधार करने का प्रयास कर रही है।

प्रणाली, प्रक्रियाओं, उत्पादों एवं बाजार में किये जाने वाले प्रस्तावित निवेश से परिचालन प्रदर्शन में वृद्धि तथा हितधारकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने की उम्मीद है। नेपा लिमिटेड वर्तमान प्रेरणात्मक प्रबंधन एवं परियोजना नेतृत्व तथा भारत सरकार की सहायता से निर्णायक मुख्य भूमिका के साथ “आत्मनिर्भर भारत” का मार्ग प्रशस्त करेगा।

एक रुग्ण कम्पनी के कायापलट ने कर्मचारियों में आत्मविश्वास जगाया, जिससे कम्पनी ने "आत्मविश्वास से आत्मनिर्भरता" को चरितार्थ किया।

**निगमित शासन**

हम इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि हमारा संगठन किस प्रकार संचालित होता है। सख्त नीतियों एवं रूपरेखाओं के साथ**,** हम यह सुनिश्चित करते हैं कि पूरे संगठन में सुशासन लागू हो तथा हम लगातार इस स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार "निगमित शासन के वैश्विक व्यापार मानकों का पालन करना" हमारा अंतिम उद्देश्य है।

**सामाजिक जिम्मेदारी**

आपकी कम्पनी अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में संरक्षा एवं सामाजिक जवाबदारी के उच्चतम मानक बनाये रखने के लिये वचनबध्द है। समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं का प्रबंध और समुदायों के विकास में योगदान के लिये हम आस-पास के क्षेत्रों में हर सम्भव तरीके से समुदायों के बीच सकारात्मक योगदान के लिये प्रयास कर रहे हैं।

कम्पनी ने रक्तदान अभियान, योग कार्यशालायें, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं कई सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विविध प्रकार की पहल की है। इन प्रयासों का उद्देश्य स्थानीय कला को बढ़ावा देना तथा समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है।

मैं, समापन करने से पहले उन अंशधारकों का आभार प्रकट करना चाहता हूँ, जो 3 दशकों से अधिक समय से हानि में चल रहे प्रचालन के दौरान कम्पनी के साथ बने रहे हैं। मैं, भारत सरकार, मध्यप्रदेश शासन, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, वैधानिक अंकेक्षकों, लागत अंकेक्षकों, बैंकों, जिला प्रशासन, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं एवं सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियाँ, जो आपकी कम्पनी में चल रहे आधुनिकीकरण परियोजना में भाग ले रही हैं, का भी सहायता एवं सहयोग के लिये आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं, अपने समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की, जिन्होंने कम्पनी के अत्यधिक कठिनाई वाले दिनों में कम्पनी के प्रचालन एवं हमारे परियोजना कार्य की प्रगति को बनाये रखने हेतु, जो भी कार्य दिया, उसे बखूबी निभाने में उनके समर्पित कठोर परिश्रम के लिये धन्यवाद सहित हार्दिक सराहना व्यक्त करता हूँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में आप सभी के निरंतर सहयोग एवं सहायता से कम्पनी आने वाले वर्षों में पुन: अपने भूतपूर्व गौरव एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति को प्राप्त करेगी।

**कमोडोर सौरभ देब**
**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**

# कम्पनी की संक्षिप्त पार्श्विका

अखबारी कागज निर्माण में भारत की अग्रणी कम्पनी नेपा लिमिटेड, मध्यप्रदेश के नेपानगर, जिला बुरहानपुर में स्थित है। इसका प्रशासनिक, साथ ही साथ पंजीकृत कार्यालय नेपानगर (म.प्र.) में स्थित है। कम्पनी मूलत: **"दि नेशनल न्यूजप्रिंट एण्ड पेपर मिल्स लिमिटेड"** के नाम से अखबारी कागज उत्पादन करने के लिये दिनांक 25 जनवरी 1947 को स्थापित हुई और वर्ष 1981 तक यह देश की अखबारी कागज उत्पादन करने वाली एकमात्र इकाई थी। कालांतर में अक्टूबर 1949 में कम्पनी का प्रबंधन उस समय की मध्य प्रांत एवं बरार राज्य (वर्तमान में मध्यप्रदेश) के द्वारा अधिकार में लिया गया। तदुपरांत 1958 में भारत सरकार ने इसका नियंत्रण अपने हाथों में लिया। 21 फरवरी 1989 को संस्थान का नाम "दि नेशनल न्यूजप्रिंट एण्ड पेपर मिल्स लिमिटेड" से बदलकर **"नेपा लिमिटेड"** किया गया।

नेपा लिमिटेड की पुनरुद्धार एवं मिल विकास योजना (आर.एम.डी.पी.) को सितंबर 2012 में सी.सी.ई.ए. द्वारा अनुमोदित किया गया था एवं वर्ष 2014 में बी.आई.एफ.आर. द्वारा स्वीकृत किया गया था। आर.एम.डी.पी. परियोजना में 1,00,000 टी.पी.ए. की बढ़ी हुई क्षमता के साथ वर्तमान संयंत्र का पूर्ण आधुनिकीकरण तथा अखबारी कागज के अतिरिक्त लेखन एवं मुद्रण कागज का उत्पादन शामिल है।

आर.एम.डी.पी. पूर्ण हो गया एवं संयंत्र का उदघाटन दिनांक 23.08.2022 को माननीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डे द्वारा किया गया। संयंत्र ने दिनांक 05.10.2022 को एक मशीन पर अखबारी कागज का व्यावसायिक उत्पादन प्रारम्भ किया। कम्पनी ने पहली बार दिनांक 19.09.2023 को लेखन एवं मुद्रण कागज का सफलतापूर्वक उत्पादन प्रारम्भ किया।

**संकल्पना**

भारतीय कागज उद्योग में विशेष योगदान एवं अग्रणी होना तथा कम्पनी को जीवनक्षम और स्व-प्रमाणित करने योग्य बनाना।

**लक्ष्य**

सर्वश्रेष्ठ उत्पाद, नवीनता एवं एकीकरण के माध्यम से ग्राहक आवश्यकता की संतुष्टि करना।

**नेपा टीम स्वच्छ, हरित, सुन्दर एवं समृध्द नेपा के लिये प्रयासरत है।**

# निगमित जानकारी

## निदेशक मंडल

कमोडोर सौरभ देब, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
श्रीमती मुक्ता शेखर, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय
श्री अतुल कुमार मिश्रा, सचिव, वन, मध्यप्रदेश शासन
श्री मिलिंद शरदचन्द्र कनाड़े, सी.ए., स्वतंत्र निदेशक
श्री पी.के. नाईक, निदेशक (वित्त), नेपा लिमिटेड

<table>
<tr><th colspan="2">प्रमुख अधिकारी वर्ग</th><th>कार्यालय</th></tr>
<tr><th>पंजीकृत कार्यालय पर :</th><th>क्षेत्रीय कार्यालय पर :</th><th>पंजीकृत कार्यालय :</th></tr>
<tr><td rowspan="4">श्रीमती पूर्णिमा पाराशर<br>कम्पनी सचिव<br>ई-मेल secretary@nepamills.nic.in<br>फोन : 07325-222167<br><br>श्री आर. अलागेसन<br>मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी)<br>ई-मेल gmpw@nepamills.nic.in<br>फोन : 07325-222273<br><br>श्री अजय गोयल<br>महाप्रबंधक (प्रचालन)<br>ई-मेल gm-commercial@nepamills.nic.in<br><br>श्री सुरेन्द्र कुमार मेहता<br>उप महाप्रबंधक (कार्य)<br>ई-मेल works@nepamills.nic.in<br><br>श्री सी.एन. वर्मा<br>सी.एफ.ओ./उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)<br>ई-मेल mfin@nepamills.nic.in<br>फोन : 07325-222258</td><td>दिल्ली कार्यालय :<br>श्री महेन्द्र केशरी<br>प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन)<br>ई-मेल nepadelhi@nepamills.nic.in<br>फोन : 011-24615894<br><br>हेमपुर कार्यालय :<br>श्री महेन्द्र केशरी<br>प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन)<br>ई-मेल nepahempur@nepamills.nic.in<br>फोन : 05947-211460</td><td>नेपानगर<br>जिला बुरहानपुर,<br>मध्यप्रदेश - 450 221<br><br>क्षेत्रीय कार्यालय :<br>दिल्ली कार्यालय :<br>डी-165, डिफेन्स कॉलोनी,<br>नई दिल्ली - 110 024<br><br>हेमपुर कार्यालय :<br>कैप्टिव प्लांटेशन,<br>पी.ओ. आर.टी.सी., हेमपुर,<br>जिला उधमसिंह नगर,<br>उत्तराखण्ड - 244 716</td></tr>
<tr><td>वैधानिक अंकेक्षक</td><td>अधिकौषिक</td></tr>
<tr><td>मेसर्स फड़निस एण्ड गुप्ते<br>सनदी लेखापाल, इन्दौर</td><td rowspan="3">भारतीय स्टेट बैंक<br><br>बैंक ऑफ इंडिया</td></tr>
<tr><td>सचिवीय अंकेक्षक</td></tr>
<tr><td>आई.जी. एण्ड एसोसिएटस<br>कम्पनी सचिव, इन्दौर</td></tr>
</table>

सेवा में,
सदस्यगण,
नेपा लिमिटेड

एतद द्वारा **सूचित** किया जाता है कि **नेपा लिमिटेड** के सदस्यों की 76वीं वार्षिक साधारण सभा, कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय नेपानगर, जिला बुरहानपुर, मध्यप्रदेश-450221 पर शुक्रवार दिनांक 24.11.2023 को अपरान्ह 4.00 बजे ऑनलाईन माध्यम से निम्नलिखित कार्य सम्पन्न करने हेतु आयोजित की जायेगी :-

**साधारण कार्य के रुप में**

1. दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिये तुलन पत्र एवं अंकेक्षित वित्तीय विवरण एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ निदेशकों और वैधानिक अंकेक्षकों का प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श करना तथा स्वीकार करना।

2. क्रमानुवर्तन द्वारा निवृत्तमान श्री अतुल कुमार मिश्रा, जो वर्तमान में योग्य हैं, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति और वे स्वयं की पुन: नियुक्ति के लिये प्रस्तावित हैं।

3. साधारण संकल्प के रुप में निम्नलिखित संकल्प विचारार्थ और यदि संशोधित अथवा बिना संशोधन किए पारित करने हेतु उपयुक्त समझा जाये :-

   **संकल्प किया जाता है कि** कम्पनी की स्वीकृति से एतद् द्वारा वैधानिक अंकेक्षक मेसर्स ए.आई. कोठारी एवं एसोसिएट्स, जलगाँव, को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिये भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय के पत्र क्र. सी.ए.वी./सी.ओ.वाय./केन्द्र सरकार, नेपा (1)/1465 दिनांक 22.09.2023 में उल्लेखित अन्य निबंधन एवं शर्तों के अधीन पारिश्रमिक रुपये 1,75,000/- (रुपये एक लाख पिचत्तर हजार + सेवा कर) है, को अनुमोदित किया गया।

**विशेष कार्य के रूप में**

4. साधारण संकल्प के रुप में निम्नलिखित संकल्प विचारार्थ और यदि संशोधित अथवा बिना संशोधन किए पारित करने हेतु उपयुक्त समझा जाये :-

   **संकल्प किया जाता है कि** कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं नियमों के तहत धारा 148, जिसे कम्पनी (अंकेक्षण एवं अंकेक्षक) नियम 2014 के साथ पढ़ा जावे, एवं अन्य सभी लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधान के तहत (किसी भी वैधानिक संशोधन या फिर से लागू करने के लिये, तत्कालीन समय में लागू) तथा प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा 31.03.2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये कम्पनी के लागत रिकॉर्ड के अंकेक्षण हेतु नियुक्त किये गये लागत अंकेक्षकों का पारिश्रमिक, जैसा कि इस बैठक को आयोजित करने वाली सूचना के साथ संलग्न विवरण में निर्धारित किया गया है, कंपनी के अंशधारकों द्वारा इसकी पुष्टि की जाती है।

   **इसके अतिरिक्त संकल्प किया जाता है कि** कम्पनी के निदेशक मंडल को इस संकल्प को प्रभावी करने के लिये आवश्यक, उचित या उपाय सभी ऐसे कार्यों, काम तथा चीजों को करने के लिये अधिकृत किया जाता है।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**हस्ता./-**
**(पूर्णिमा पाराशर)**
**कम्पनी सचिव**
**एम.क्र. ए36079**

**दिनांक : 16.10.2023**
**स्थान : नई दिल्ली**

**महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ :-**

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 102 के अनुसार इस वार्षिक साधारण सभा ('ए.जी.एम.') में विशेष व्यवसाय से संबंधित होने के कारण व्याख्यात्मक विवरण संलग्न है।
2. कोविड-19 महामारी के बड़े पैमाने पर प्रकोप के मद्देनजर, सामाजिक दूरी का पालन किया जाने एवं परिपत्र क्र.20/2020 दिनांक 05.05.2020, सामान्य परिपत्र क्र.02/2021 दिनांक 13.01.2021 के अनुसरण में निगमित मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र क्र.14/2020 दिनांक 08.04.2020, परिपत्र क्र.17/2020 दिनांक 13.04.2020, सामान्य परिपत्र क्र.19/2021 दिनांक 08.12.2021 एवं 21/2021 दिनांक 14.12.2021 तथा फाइल क्र.नीति-17/57/2021-सी.एल.-एम.सी.ए. दिनांक 05.05.2022 एवं सामान्य परिपत्र क्र.10/2022 दिनांक 28.12.2022 तथा फाइल क्र.नीति-17/57/2021-सी.एल.-एम.सी.ए. दिनांक 25.09.2023 के अनुसार जिन कम्पनियों की वर्ष 2023 एवं 2024 में ए.जी.एम. शेष है, उन्हें सामान्य परिपत्र क्र.20/2020 दिनांक 05.05.2020 के पैरा 3 एवं पैरा 4 में निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार दिनांक 30.09.2024 को या उससे पहले अपनी ए.जी.एम. आयोजित करने के लिये अनुमति देने का निर्णय लिया गया है, के अनुपालन में ई.जी.एम./ए.जी.एम. स्थल पर सदस्यों की प्रत्यक्ष उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है एवं वार्षिक साधारण सभा (ए.जी.एम.) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वी.सी.) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओ.ए.वी.एम.) के द्वारा आयोजित की जायेगी। इसलिये, सदस्य वी.सी./ओ.ए.वी.एम. के द्वारा आगामी ई.जी.एम./ए.जी.एम. में जुड़ सकते हैं एवं भाग ले सकते हैं।
3. कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर दिनांक 18.11.2023 से दिनांक 24.11.2023 तक (दोनों तिथियों सहित) बन्द रहेगा।
4. चूंकि यह ए.जी.एम. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वी.सी.')/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ('ओ.ए.वी.एम.') के द्वारा आयोजित की जावेगी, इसलिये सदस्य इस बैठक के लिये प्रतिनिधि नियुक्त नहीं कर पायेंगे। इसके अतिरिक्त, उपस्थिती पर्ची एवं मार्ग नक्शे को इस सूचना में संलग्न नहीं किया जा रहा है।
5. निगमित सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे अधिनियम की धारा 113 का पालन करते हुये मण्डल संकल्प की स्कैन कॉपी (पी.डी.एफ./जे.पी.जी. प्रारूप में) secretary@nepamills.nic.in पर ई-मेल के माध्यम से भेजकर अपने प्रतिनिधियों को ए.जी.एम. में उपस्थित होने के लिये अधिकृत करें।
6. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, जिसे कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 की धारा 20, के साथ पढ़ा जाये, के संदर्भ में, इस ए.जी.एम. में विचारार्थ प्रस्तावों को दूरस्थ ई-मतदान (ए.जी.एम. से पहले मतदान की सुविधा) एवं ए.जी.एम. के दौरान भी ई-मतदान, जिस उद्देश्य के लिये कम्पनी के निदेशक मण्डल ('मण्डल') ने एन.एस.डी.एल. की सेवायें ली हैं, के माध्यम से निष्पादित किया जायेगा। मण्डल ने इस उद्देश्य के लिये श्रीमती ईशा गर्ग (पेशेवर कम्पनी सचिव), इंदौर को जाँचकर्त्ता के रुप में नियुक्त किया है।
7. दूरस्थ ई-मतदान दिनांक 21.11.2023 को प्रात: 9.00 बजे से प्रारम्भ होगा एवं दिनांक 23.11.2023 को शाम 5.00 बजे, जब दूरस्थ ई-मतदान को एन.एस.डी.एल. द्वारा अवरुध्द कर दिया जायेगा, समाप्त होगा।
8. मतदान के अधिकार का दिनांक 17.11.2023 (कट-ऑफ तिथि) को सदस्यों के नाम पर पंजीकृत अंशों के प्रदत्त मूल्य पर विचार किया जायेगा। केवल वे सदस्य जिनके नाम कट-ऑफ तिथि तक कम्पनी द्वारा रखे गये कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज किये गये हैं, वे ए.जी.एम. के दौरान दूरस्थ ई-मतदान या ई-मतदान द्वारा अपने मत करने के हकदार होंगे। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसे तदनुसार इस सूचना को केवल सूचना उद्देश्यों के लिये मानना चाहिये।
9. निगमित मामलों के मंत्रालय (एम.सी.ए.) के परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13.04.2020 के अनुसार, परिपत्र क्र.20/2020 दिनांक 05.05.2020, सामान्य परिपत्र क्र.02/2021 दिनांक 13.01.2021, फाइल क्र.नीति-17/57/2021-सी.एल.-एम.सी.ए. दिनांक 05.05.2022, सामान्य परिपत्र क्र.10/2022 दिनांक 28.12.2022 तथा फाइल क्र.नीति-17/57/2021-सी.एल.-एम.सी.ए. दिनांक 25.09.2023 के अनुसरण में ए.जी.एम. को आहूत करने वाली सूचना को कम्पनी की वेबसाइट www.nepamills.nic.in पर अपलोड किया गया है। ए.जी.एम. सूचना एन.एस.डी.एल. (दूरस्थ ई-मतदान सुविधा प्रदान करने हेतु एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
10. लागू नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप, व्याख्यात्मक विवरण सहित इस ए.जी.एम. की सूचना तथा प्रतिवेदन एवं लेखा 2023 केवल उन्हीं सदस्यों को विद्युतानी प्रणाली के माध्यम से भेजी जा रही है, जिन्होंने कम्पनी या कम्पनी के पंजीयक एवं हस्तांतरण अभिकर्त्ता (आर.टी.ए.) पूर्वा शेयरजिस्ट्री (भारत) प्रायवेट लिमिटेड के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत किए हैं।

    जिन सदस्यों ने कम्पनी के पास या आर.टी.ए. के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किये हैं एवं पूर्वोक्त दस्तावेज प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अपने ई-मेल पते पंजीकृत करने के लिये आवश्यक है कि वह secretary@nepamills.nic.in पर ई-मेल भेज सकते हैं या कम्पनी के पंजीयक एवं हस्तांतरण अभिकर्त्ता को उनके ई-मेल पते support@purvashare.com पर लिख सकते हैं।

11. सदस्यगण ए.जी.एम. को वी.सी./ओ.ए.वी.एम. माध्यम से सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुये सभा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले और बाद में भाग ले सकते हैं। वी.सी./ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में भागीदारी की सुविधा 1000 सदस्यों के लिये पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध रहेगी। इसमें बड़े अंशधारक (2% या अधिक हिस्सेदारी वाले अंशधारक), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, अंकेक्षक समिति के अध्यक्ष, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति तथा स्टेकहोल्डर्स संबंध समिति, अंकेक्षक आदि शामिल नहीं होंगे। ये सभी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रतिबंध के बिना ए.जी.एम. में भाग लेंगे।

**इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा मतदान**

1. एन.एस.डी.एल. के ई-मतदान वेबसाइट पर जायें। या तो व्यक्तिगत संगणक पर या मोबाईल पर निम्न यू.आर.एल. टाइप करके वेब ब्राउज़र खोले : https://www.evoting.nsdl.com/
2. ई-मतदान प्रणाली का गृह पेज लॉन्च होने के पश्चात, 'शेयरहोल्डर्स' सेक्शन के तहत उपलब्ध आइकन "लॉगइन" पर क्लिक करें।
3. एक नई स्क्रीन खुल जायेगी। आपको अपनी यूजर आई.डी., अपना पासवर्ड और एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा जैसा कि स्क्रीन पर दिखाया गया है।
4. वैकल्पिक रूप से, यदि आप एन.एस.डी.एल. ई-सर्विसेस अर्थात IDEAS के लिये पंजीकृत हैं, तो आप अपने विद्यमान IDEAS लॉगिन से https://eservices.nsdl.com/ पर लॉग-इन कर सकते हैं। एक बार जब आप अपने लॉग-इन परिचय पत्र का उपयोग करने के पश्चात NSDL के लिये लॉग-इन करते हैं, तो ई-वोटिंग पर क्लिक करें एवं आप इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने के लिये आगे बढ़ सकते हैं।

आपकी उपयोगकर्त्ता आई.डी. का विवरण नीचे दिया गया है : (आपकी EVEN संख्या 127033 है)

| | |
|---|---|
| **अंश धारण की विधि** | आपकी उपयोगकर्त्ता आई.डी. है : |
| **प्रत्यक्ष प्रपत्र में अंश धारण सदस्यों के लिये** | EVEN नंबर एवं उसके पश्चात कम्पनी के साथ पंजीकृत फोलियो नंबर<br>उदाहरण के लिये यदि फोलियो संख्या 001*** एवं 127033 EVEN है, तब उपयोगकर्त्ता आई.डी. 127033001*** है। |

**5.** आपके पासवर्ड का विवरण नीचे दिया गया है :

(ए) यदि आप पहले से ही ई-मतदान के लिये पंजीकृत हैं, तो आप अपने विद्यमान पासवर्ड का उपयोग लॉगिन और वोट डालने के लिये कर सकते हैं।

(बी) यदि आप पहली बार एन.एस.डी.एल. ई-मतदान प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको 'प्रारंभिक पासवर्ड' पुनः प्राप्त करना होगा, जो आपको सूचित किया गया था। एक बार जब आप अपना 'प्रारंभिक पासवर्ड' प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको 'प्रारंभिक पासवर्ड' दर्ज करना होगा और सिस्टम आपको अपना पासवर्ड बदलने के लिये बाध्य करेगा।

(सी) यदि आपका ई-मेल आई.डी. आपके डीमैट खाते में या कम्पनी के पास पंजीकृत है, तो आपका 'प्रारंभिक पासवर्ड' आपके ई-मेल आई.डी. पर आपको भेज दिया जाता है। एन.एस.डी.एल. से आपको भेजे गये ई-मेल को अपने मेल बॉक्स में पता करें। ई-मेल खोलें एवं अनुलग्नक अर्थात .पी.डी.एफ. फ़ाइल खोलें। .पी.डी.एफ. फ़ाइल खोलें। .पी.डी.एफ. फाइल को खोलने का पासवर्ड एन.एस.डी.एल. खाते के लिये आपकी 8 अंकों की ग्राहक आई.डी., सी.डी.एस.एल. खाते के लिये ग्राहक आई.डी. के अंतिम 8 अंक या प्रत्यक्ष रूप में रखे अंशों के लिये फोलियो नंबर है। .पी.डी.एफ. फाइल में आपकी 'उपयोगकर्ता आई.डी.' और 'प्रारंभिक पासवर्ड' सम्मिलित हैं।

(डी) यदि आपकी ई-मेल आई.डी. पंजीकृत नहीं है, तो कृपया ऐसे अंशधारक प्रक्रिया में नीचे बताये गये चरणों का पालन करें जिनके ई-मेल आई.डी. पंजीकृत नहीं हैं।

**6. यदि आप "प्रारंभिक पासवर्ड" प्राप्त करने या पुनः प्राप्त करने में असमर्थ हैं या अपना पासवर्ड भूल गये हैं :**

(ई) www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध विकल्प "फॉरगेट यूज़र डिटेल्स/पासवर्ड?" (यदि आप एन.एस.डी.एल. या सी.डी.एस.एल. के साथ अपने डीमैट खाते में शेयर रख रहे हैं) पर क्लिक करें।

(एफ) www.evoting.nsdl.com पर विकल्प "फिजिकल यूज़र रीसेट पासवर्ड?" (यदि आप प्रत्यक्ष मोड में अंश धारण कर रहे हैं) उपलब्ध है।

(जी) यदि आप अभी भी दो विकल्पों में से पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, तो आप अपने डीमैट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, अपना पैन, अपना नाम एवं अपने पंजीकृत पते का उल्लेख करके evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

(एच) सदस्य एन.एस.डी.एल. की ई-मतदान प्रणाली पर मतदान करने के लिये ओ.टी.पी. (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉगिन का उपयोग भी कर सकते हैं।

अपना पासवर्ड दर्ज करने के पश्चात, चेक बॉक्स पर "टर्म्स एण्ड कंडीशंस" पर सहमत हों, चयन करके टिक करें।

(आई) अब, आपको "लॉगिन" बटन पर क्लिक करना होगा।

(जे) "लॉगिन" बटन पर क्लिक करने के पश्चात, ई-मतदान का गृह पेज खुल जायेगा।

7. एन.एस.डी.एल. ई-मतदान प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत डालें।
   1. चरण 1 पर सफल लॉगिन के पश्चात, आप ई-मतदान का गृह पेज देख पायेंगे। ई-वोटिंग) पर क्लिक करें। फिर, एक्टिव वोटिंग साईकल्स पर क्लिक करें।
   2. एक्टिव वोटिंग साईकल्स पर क्लिक करने के पश्चात, आप समस्त कम्पनियों को "EVEN" देख पायेंगे, जिसमें आप अंश धारित हैं एवं जिनका मतदान चक्र सक्रिय स्थिति में है।
   3. कम्पनी के "EVEN" को चुनें, जिसके लिये आप अपना मद देना चाहते है।
   4. अब आप ई-मतदान के लिये तैयार हैं क्योकि मतदान पेज खुल गया है।
   5. उपयुक्त विकल्पों का चयन करके अपने मत का चयन करें, यानी सहमति या असहमति, उन अंशों की संख्या को सत्यापित/संशोधित करें, जिनके लिये आप अपना वोट डालना चाहते हैं तथा "सबमिट" पर क्लिक करें एवं शीघ्र ही "कंफर्म" पर भी क्लिक करें।
   6. उपर्युक्त स्वीकृति के, "वोट फास्ट सक्सेसफूल्ली" का सन्देश दिखाई देगा।
   7. पुष्टि पृष्ठ पर प्रिंट विकल्प पर क्लिक करके आप अपने द्वारा दिये गए मत का प्रिंटआउट भी ले सकते हैं।
   8. एक बार जब आप संकल्प पर अपने मत की पुष्टि करते हैं, तो आपको अपना मत संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी।

**अंशधारकों के लिये सामान्य दिशा-निर्देश**

1. यह प्रबलता से अनुशंसा की जाती है कि किसी अन्य व्यक्ति के साथ अपना पासवर्ड साझा न करें एवं अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिये अत्यधिक सावधानी बरतें। ई-मतदान वेबसाइट पर लॉगिन सही पासवर्ड में कुंजी के पांच असफल प्रयासों पर अक्षम हो जायेगा। ऐसी स्थिति में, आपको पासवर्ड रीसेट करने के लिये www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध विकल्प "फॉरगेट यूज़र डिटेल्स/पासवर्ड?" या "फिजिकल यूज़र रीसेट पासवर्ड?" के द्वारा जाने की आवश्यकता है।
2. किसी भी पूछताछ की स्थिति में, आप अंशधारकों के लिये अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQs) को उध्दृत कर सकते हैं एवं www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध अंशधारकों के लिये ई-मतदान उपयोगकर्ता पुस्तिका डाउनलोड कर सकते हैं अथवा टोल फ्री क्रमांक 1800-222-990 पर बात कर सकते हैं या evoting@nsdl.co.in पर (एन.एस.डी.एल. के अधिकारी का नाम) के लिये अनुरोध भेजें।
3. उन अंशधारकों के लिये प्रक्रिया जिनके ई-मेल आई.डी. खरीदार उपयोगकर्त्ता आई.डी. एवं पासवर्ड तथा संकल्प के लिये ई-मतदान हेतु ई-मेल आई.डी. का पंजीकरण जैसा इस सूचना में प्रदर्शित है, जमाकर्त्ता के पास पंजीकृत नहीं हैं, उसके लिये पंजीकरण की कार्रवाई।
4. यदि प्रत्यक्ष प्रणाली में अंश रखे गए हैं तो कृपया फोलियो नंबर, अंशधारक का नाम, अंश प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन्ड प्रति) (secretary@nepamills.nic.in) पर ई-मेल के द्वारा प्रदान करें।

ई.जी.एम./ए.जी.एम. के दिन ई-मतदान के लिये सदस्यों हेतु निर्देश निम्नानुसार है :-

1. ए.जी.एम. के दिन ई-मतदान प्रक्रिया वैसी ही होगी जैसा कि दूरस्थ ई-मतदान के लिये उपर दर्शाया गया है।
2. केवल वे सदस्य/अंशधारक, जो ओ.ए.वी.एम. सुविधा के माध्यम से ए.जी.एम. में उपस्थित होंगे एवं दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से संकल्पों पर अपना मत नहीं दिया है तथा अन्यथा ऐसा करने से रोक नहीं है, ए.जी.एम. में ई-मतदान प्रणाली के द्वारा मत देने के लिये पात्र होंगे।
3. जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से मतदान किया है, वे ए.जी.एम. में भाग लेने के लिये पात्र होंगे। तथापि, वे ए.जी.एम. में मतदान के लिये पात्र होंगे।
4. ए.जी.एम. के दिन ई-मतदान के लिये सुविधाओं से संबंधित कोई भी शिकायत के लिये जिस व्यक्ति से संपर्क किया जावे, उसका विवरण वही है, जो दूरस्थ ई-मतदान के लिये दर्शाया गया है।

वी.सी./ओ.ए.वी.एम. द्वारा ए.जी.एम. में उपस्थिती हेतु सदस्यों के लिये निर्देश निम्नानुसार है :-

1. सदस्य को एन.एस.डी.एल. ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से वी.सी./ओ.ए.वी.एम. के द्वारा ए.जी.एम. में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जायेगी। सदस्य दूरस्थ ई-मतदान क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके अंशधारक/सदस्य लॉगिन के तहत https://www.evoting.nsdl.com उक्त में प्रवेश कर सकते हैं। वी.सी./ओ.ए.वी.एम. के लिये लिंक अंशधारक/सदस्य लॉगिन में उपलब्ध होगा, जहाँ कम्पनी का "EVEN" प्रदर्शित किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि जिन सदस्यों के पास ई-मतदान के लिये उपयोगकर्त्ता आई.डी. एवं पासवर्ड नहीं है या उपयोगकर्त्ता आई.डी. एवं पासवर्ड भूल गए हैं, वे अंतिम मिनट की भीड़ से बचने के लिये सूचना में उल्लिखित दूरस्थ ई-मतदान निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सदस्य एन.एस.डी.एल. की ई-मतदान प्रणाली में प्रवेश के लिये ओ.टी.पी. आधारित लॉगिन का भी उपयोग कर सकते हैं।
2. सदस्यों को बेहतर अनुभव के लिये लैपटॉप के माध्यम से सभा में सम्मिलित होने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।
3. इसके अतिरिक्त, सदस्यों को बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिये कैमरा की अनुमति देने और अच्छी गति के साथ इंटरनेट का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।
4. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों या टैबलेटों से या लैपटॉप द्वारा या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से जुड़ने वाले प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो हानि का अनुभव हो सकता है। इसलिये किसी भी प्रकार के पूर्वोक्त गड़बड़ी को कम करने के लिये स्थिर वाई-फाई या लैन संयोजन का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।
5. अंशधारक जो अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं/उनके पास प्रश्न हैं, वे अपने प्रश्न को अग्रिम रूप से उल्लेखित कर उनके नाम, फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाईल नंबर secretary@nepamills.nic.in पर भेज सकते हैं। इसका उत्तर कम्पनी द्वारा उपयुक्त तरीके से दिया जायेगा।
6. जिन अंशधारकों ने स्वयं को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें केवल सभा के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।
7. यदि आपके पास लिंक के माध्यम से ए.जी.एम. में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप 9324659811 पर श्री मनीष शाह से संपर्क कर सकते हैं या support@purvashare.com पर ई-मेल लिख सकते हैं।

**अन्य निर्देश**

8. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 107 के प्रावधानों के तारतम्य में, कम्पनी अंशधारकों को ई-मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है। वहाँ वार्षिक साधारण सभा में हाथ दिखाने के द्वारा कोई मतदान नहीं होगा।
9. अंशधारक मतदान के लिये दोनों माध्यमों दूरस्थ ई-मतदान एवं ई-मतदान में से केवल एक माध्यम को ही चुन सकते हैं। दोनों माध्यमों से किये गये मतदान में से दूरस्थ ई-मतदान को ही अंतिम रुप से विचाराधीन माना जायेगा।
10. ई-मतदान एवं प्रत्यक्ष मतदान के लिये सदस्यों के मताधिकार दिनांक 17.11.2023 को कम्पनी को भुगतान की गई साम्य अंश पूँजी के अंश के अनुरुप बैठक होंगे।
11. संकल्प के विषय में परिणाम दिनांक 26.11.2023 को कार्य के समय के पूर्व घोषित करने होंगे और कम्पनी की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। संकल्प वार्षिक साधारण सभा की तिथि पर पारित होना माना जायेगा। बशर्ते संकल्पों के पक्ष में आवश्यक मतदान प्राप्त हुये हों।
12. वह व्यक्ति जिसका नाम कटऑफ दिनांक को सदस्य के पंजी में दर्ज है अथवा जमाकर्त्ता द्वारा लाभप्रद स्वामित्व के रजिस्टर में दर्ज है, वह दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा के साथ-साथ वार्षिक साधारण सभा में मतदान स्थल पर भी मतपत्र के माध्यम से मतदान का हकदार होगा।
13. जाँचकर्त्ता, वार्षिक साधारण सभा में मतदान की समाप्ति पर पहले बैठक में हुये मतदान की गणना करेंगे और उसके पश्चात दो गवाहों, जो कम्पनी के रोजगार में नहीं है, की उपस्थिति में दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से मतदान करने को निर्विरोध करेंगे और अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को लिखित में पक्ष अथवा विपक्ष में पड़े कूल मतों की समेकित जाँचकर्त्ताओं की रिपोर्ट वार्षिक साधारण सभा की समाप्ति के 48 घंटे के भीतर तैयार करेंगे जो उस पर प्रति हस्ताक्षर करते हुये तत्काल मतदान का परिणाम घोषित करेंगे।
14. परिणाम घोषित होने के पश्चात् अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा लिखित में किये गये अधिकृत व्यक्ति द्वारा जाँचकर्त्ता की रिपोर्ट के साथ घोषित किये गये परिणाम, कम्पनी की वेबसाईट www.nepamills.co.in पर तुरंत डालेंगे।

## व्याख्यात्मक विवरण

**(कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुसार मद क्र.4 सभा की सूचना में निहित है)**

**मद क्र.4**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 148, जिसे कम्पनी (अंकेक्षण एवं अंकेक्षकों) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जावे, इसके लिये मण्डल द्वारा अनुमोदित लागत अंकेक्षकों के पारिश्रमिक की बाद में अंशधारकों द्वारा पुष्टि किये जाने की आवश्यकता है।

अंकेक्षण समिति की अनुशंसा के आधार पर, निदेशक मण्डल ने दिनांक 28.08.2023 से प्रभावी परिपत्र संकल्प द्वारा चटर्जी गाज़ी एंड एसोसिएट्स, कोलकाता फर्मों के नामों को सभी करों, कर्तव्यों एवं अन्य समस्त खर्च सहित कुल रुपये 37000/- के पारिश्रमिक के लिये स्वीकृति दे दी है।

तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध है कि दिनांक 31.03.2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये लागत अंकेक्षकों को देय पारिश्रमिक की पुष्टि करें।

कम्पनी में कोई भी निदेशक, कम्पनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक एवं उनके रिश्तेदारों के संबंध में, आर्थिक रूप से या अन्यथा, प्रस्तावों में कोई इच्छुक नहीं है।

निदेशक मण्डल अंशधारकों के अनुमोदन के लिये इस संकल्प की अनुशंसा करता है।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**हस्ता./-**
**(पूर्णिमा पाराशर)**
**कम्पनी सचिव**
**एम.क्र. ए36079**

**दिनांक : 16.10.2023**
**स्थान : नई दिल्ली**

| पंचवर्षीय आँकड़ें | | | | | (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **विवरण** | **2022-2023** | **2021-2022** | **2020-2021** | **2019-2020** | **2018-2019** |
| **उत्पादन** | **6526** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| प्रचालन से राजस्व | 2717.17 | 2069.90 | 1736.63 | 1243.32 | 1187.67 |
| ब्याज एवं मूल्यह्रास के पूर्व लाभ | (4547.69) | (1513.20) | (1604.00) | (4135.75) | (4625.16) |
| ब्याज | 4867.48 | 4394.14 | 3703.08 | 2894.15 | 3131.49 |
| रोकड़ आधिक्य/(कमी) | (9415.17) | (5907.34) | (5307.09) | (7031.90) | (7756.65) |
| मूल्यह्रास | 1164.43 | 82.55 | 83.08 | 93.86 | 100.34 |
| **पूर्वावधि मदों के पूर्व शुध्द लाभ/(हानि)** | **(10135.97)** | **(5989.89)** | **(5390.17)** | **(7125.76)** | **(7856.99)** |
| साम्य अंश पूँजी | 61778.78 | 53937.78 | 53937.78 | 29537.78 | 52471.25 |
| ऋण (ब्याज छोड़कर) | | | | | |
| दीर्घावधि | 9258.80 | 11923.00 | 10157.00 | 4169.60 | 687.20 |
| अल्पावधि | 15421.20 | 12757.00 | 400.40 | 3427.54 | 2468.91 |
| शुध्द स्थायी परिसम्पतियाँ (प्रकियाधीन पूँजी को छोड़कर) | 38607.31 | 1426.88 | 1499.31 | 1575.41 | 1723.21 |
| चल परिसम्पतियाँ | 21253.78 | 29309.81 | 25206.43 | 26783.04 | 14714.34 |
| चल देयताएँ (ऋण पर अदेय ब्याज सहित) | 47233.93 | 40555.23 | 36196.41 | 41029.11 | 34227.97 |
| कार्यशील पूँजी | (25980.15) | (11245.42) | (10989.98) | (14246.07) | (19513.63) |
| निवेशित पूँजी | 12627.16 | (9818.54) | (9490.67) | (12670.66) | (17790.42) |
| शुध्द सम्पन्नता | (1608.08)** | 11971.56 | 10120.50 | (11889.28) | (9707.97) |
| विक्रय से अर्जन (शुध्द लाभ)(%) | (3.89) | (2.89) | (3.10) | (5.73) | 0 |
| **कर्मचारियों की संख्या** | **536*** | **431*** | **300** | **338** | **370** |

* संविदागत कर्मचारी सम्मिलित है।

** आवंटन के लिये लंबित अंश आवेदन राशि को छोडकर शुद्ध संपन्नता

| रोजगार लागत सारांश | | | | | | (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **विवरण** | **2022-23** | **2021-22** | **2020-21** | **2019-20** | **2018-19** |
| (ए) | वेतन एवं मजदूरी **योग (ए)** | **1941.66** | **1539.59** | **1557.19** | **1529.99** | **2784.71** |
| (बी) | कर्मचारियों के हित | | | | | |
| | भविष्य निधि एवं अन्य | 230.26 | 186.19 | 192.88 | 199.43 | 304.67 |
| | उपादान | 461.64 | 79.80 | 707.98 | 614.16 | 591.19 |
| | नगरीय | 88.02 | 100.69 | 96.34 | 114.76 | 178.20 |
| | शिक्षा | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | चिकित्सा | 79.23 | 85.57 | 93.52 | 81.09 | 127.75 |
| | अवकाश यात्रा रियायत, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अन्य सुविधायें | 296.90 * | 66.01 | 48.11 | 51.76 | 55.96 |
| | **योग (बी)** | **1156.05** | **518.25** | **1138.83** | **1061.20** | **1257.77** |
| (सी) | स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत सेवानिवृत कर्मचारियों का भुगतान और गत वर्ष के व्यय पूर्व वर्ष में नहीं दर्शाये गये | | | | | |
| | स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वी.आर.एस.) | 0.00 | 0.00 | 0 | 2658.31 | 896.31 |
| | उपादान | 0.00 | 0.00 | 0 | 0.49 | 125.13 |
| | अवकाश नकदीकरण | 0.00 | 0.00 | 0 | 115.04 | 466.05 |
| | **योग (सी)** | **0.00** | **0.00** | **0** | **2773.84** | **1487.49** |
| | **योग (ए+बी+सी)** | **3097.71** | **2057.84** | **2696.02** | **5365.03** | **5529.97** |
| | कर्मचारियों की संख्या | 536 | 431 | 300 | 338 | 370 |
| | औसत वेतन,भृत्तियाँ इत्यादि प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष (रुपये) | 362250 | 357213 | 519063 | 452660 | 752627 |
| | कर्मचारी सुविधा पर औसत लागत प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष (रुपये) | 215681 | 120243 | 379610 | 313964 | 3399 |
| | औसत रोजगार लागत प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष (रुपये) | 577931 | 477457 | 898673 | 766624 | 1495 |

* चालू वर्ष के अवकाश नकदीकरण व्यय सम्मिलित है।

## अंशधारियों को निदेशकों का प्रतिवेदन

**सेवा में,**
**अंशधारीगण,**
**नेपा लिमिटेड**

**देवियों और सज्जनों**

आपकी कम्पनी के निदेशकों को दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये अंकेक्षित वित्तीय विवरण, अंकेक्षकों का प्रतिवेदन एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखों पर रिपोर्ट के साथ कम्पनी का 76वाँ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

### 1. वित्तीय परिणाम एवं कम्पनी के मामलों की स्थिति

सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के दौरान, दोनों मशीनें आर.एम.डी.पी. के लिये हमारे विक्रेताओं को सौंपी गई। आपकी कम्पनी के गत वर्ष के लिये अनुरुपी आंकड़ों के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान वित्तीय कार्य निष्पादन की मुख्य घटनायें निम्नानुसार है :-

**(रुपये लाख में)**

| विवरण | 2022-2023 | 2021-2022 |
|---|---|---|
| **आय** | | |
| अखबारी कागज का विक्रय | 803.31 | - |
| पेट्रोल/डीजल/स्नेहक का विक्रय | 1627.71 | 1234.14 |
| अन्य प्रचालन आय | 286.15 | 835.76 |
| कुल आय | **2717.17** | **2069.90** |
| **व्यय** | | |
| कच्चा माल | 2875.24 | - |
| उत्पादन व्यय | 2,446.58 | 630.37 |
| पेट्रोल/डीजल/स्नेहक का क्रय | 1607.73 | 1213.77 |
| निर्मित माल/स्टॉक की मालसूचियों में परिवर्तन | (2559.35) | 5.53 |
| कर्मचारियों के पारिश्रमिक एवं हित लाभ | 3097.71 | 2230.55 |
| प्रशासन, नगर, सामाजिक उपरिव्यय तथा विक्रय एवं वितरण व्यय पर व्यय | 704.88 | 518.29 |
| **कुल व्यय** | **8172.79** | **4598.51** |
| **प्रचालन लाभ/(हानि)** | **(5455.62)** | **(2528.61)** |
| घटायें :ब्याज आय/(व्यय) - शुध्द | (4867.48) | (4394.14) |
| घटायें : मूल्यह्रास | (1164.43) | (82.55) |
| जोड़े : अन्य आय | 1351.55 | 1015.40 |
| **मूल्यह्रास एवं ब्याज के पश्चात लाभ/(हानि)** | **(10135.97)** | **(5989.89)** |
| असाधारण मदें (पूर्वावधि समायोजन) | 443.63 | - |
| **शुध्द लाभ/(हानि)** | **(10,579.60)** | **(5989.89)** |
| **संचित लाभ/(हानि)** | **(71041.25)** | **(60461.66)** |

### 2. उत्पादन एवं विक्रय

वर्ष 2022-23 के दौरान अखबारी कागज का उत्पादन 6,526 मीट्रिक टन था। पुनरुध्दार एवं मिल विकास योजना (आर.एम.डी.पी.) के पूर्ण होने तथा उदघाटन एक पश्चात सितम्बर 2022 में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ हो गया है। सभी संयंत्र परीक्षण एवं प्रवर्तन चरण में हैं। पैरामीटर में बार-बार बदलाव, स्टार्ट अप के दौरान खराबी, श्रमशक्ति एवं कच्चे माल तथा रसायन की कमी आदि के परिणामस्वरूप तकनीकी एवं व्यावसायिक कारणों से कई बार संयंत्र बंद हुआ है। वर्ष 2022-23 के दौरान कुल विक्रय 1,611 मीट्रिक टन था तथा शेष तैयार अखबारी कागज 4897.363 मीट्रिक टन है।

**3. प्रचालन**

नेपा ने आर.एम.डी.पी. को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है एवं संयंत्र का उदघाटन दिनांक 23.08.2022 को किया गया है। संयंत्र को कई तकनीकी मुद्दों के साथ प्रारम्भ किया गया है, जिन पर क्रमिक रूप से ध्यान दिया गया। पावर हाउस, दोनों पेपर मशीनें एवं डि-इंकिंग प्लांट धीरे-धीरे स्थिर हो गये तथा वर्ष के हर महीने उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, उत्पाद की गुणवत्ता में भी धीरे-धीरे सुधार हुआ एवं पूर्व निर्धारित कच्चे माल और रसायनों के साथ अच्छी गुणवत्ता वाले अखबारी कागज का निर्माण किया जाने लगा।

प्रारम्भ में नेपा को नवीन प्रारम्भ किये गये सबसे आधुनिक पावर हाउस, डि-इंकिंग प्लांट तथा डी.सी.एस. एवं क्यू.सी.एस. से सुसज्जित दोनों पेपर मशीनों और संयंत्र के पी.एल.सी. आधारित प्रणाली के संचालन के लिये प्रशिक्षित श्रमशक्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा था। प्रबंधन ने खुले बाजार से कुशल लोगों को जोड़ने के अतिरिक्त स्थानीय आबादी को रोजगार प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी बरती।

**4. व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन, यदि कोई हो**

वर्ष के दौरान, कम्पनी ने अपने व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन नहीं किया है।

**5. आरक्षित का हस्तांतरण**

वर्ष के दौरान, कम्पनी ने किसी भी रिजर्व को कोई राशि हस्तांतरित नहीं की है

**6. लाभांश**

हानि के कारण, आपके निदेशक दिनांक 31.03.2023 को समीक्षाधीन समाप्त वर्ष के लिये किसी भी लाभांश की अनुशंसा नहीं करते हैं।

**7. संकल्पना एवं लक्ष्य**

**संकल्पना**

भारतीय कागज उद्योग में विशेष योगदान एवं अग्रणी होना तथा कम्पनी को जीवनक्षम और स्व-प्रमाणित करने योग्य बनाना।

**लक्ष्य**

सर्वश्रेष्ठ उत्पाद, नवीनता एवं एकीकरण के माध्यम से ग्राहक आवश्यकता की संतुष्टि करना।

**8. पुनरुध्दार एवं मिल विकास योजना (आर.एम.डी.पी.)**

कम्पनी वर्ष 1998 में बी.आई.एफ.आर. को संदर्भित हुई। तथापि, कम्पनी की पुनरुध्दार योजना भारत सरकार द्वारा सितम्बर 2012 को अनुमोदित की गई। बी.आई.एफ.आर. ने मार्च 2014 में पुनरुध्दार योजना को स्वीकृति प्रदान की। पुनरुध्दार योजना ने नए 300 टी.पी.डी. डि-इंकिंग प्लांट, दोनों पेपर मशीनों का नवीनीकरण, 12.27 मेगावाट कैप्टिव पावर प्लांट का नवीनीकरण और विद्यमान 132 के.वी. सबस्टेशन के नवीकरण के लिये रुपये 285 करोड़ के पूँजी निवेश की परिकल्पना की। स्वीकृति में केन्द्र सरकार से साम्य उत्प्रेरण रुपये 157 करोड़ थे एवं संस्थागत ऋण के रूप में रुपये 128 करोड़ प्राप्त किये जायेंगे।

वर्ष 2010 में मूल टी.ई.एफ.आर. के एक हिस्से के रूप में लागत के अनुमान के पश्चात सरकारी स्वीकृति, बी.आई.एफ.आर. अनुमोदन और पर्यावरण मंजूरी में लगभग 6 वर्ष लग गए। परियोजना लागत, जो कि स्वीकृति पर रुपये 285 करोड़ थी, जो बढ़कर रुपये 434 करोड़ (ई.पी.सी.जी. लाभों का शुद्ध) हो गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देरी, कार्य की वृध्दि एवं खुली निविदा के आधार पर वास्तविक मूल्य स्पष्टीकरण के अनुसार थी। साथ ही, वित्तीय संस्थान ऋण स्वीकृत करने से पीछे हट गये हैं।

इसलिये, दिसम्बर, 2017 में भारत सरकार को मंत्रिमंडलीय नोट के द्वारा लागत में वृध्दि के कारण रुपये 149 करोड़ के अतिरिक्त बजट एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण के रुप में रुपये 128 करोड़ के लिये एक निवेदन प्रस्तुत किया गया था। दिनांक 03.10.2018 को भारत सरकार द्वारा मंत्रिमंडलीय नोट कुल रुपये 469.41 करोड़ के सहायता पैकेज के साथ स्वीकृत किया गया, जिसमें आर.एम.डी.पी. की संशोधित लागत रुपये 277 करोड़, वेतन सहायता एवं वैधानिक देय राशि के लिये रुपये 101.58 करोड़ तथा 400 कर्मचारियों के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु रुपये 90.83 करोड़ शामिल हैं।

डी.एच.आई. ने आर.एम.डी.पी. कार्य की निगरानी के लिये डी.एच.आई. से ए.एस. एवं एफ.ए. की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय आर.एम.डी.पी. निगरानी समिति का गठन किया है। सेंट्रल पेपर एंड पल्प रिसर्च इंस्टीट्यूट (सी.पी.पी.आर.आई.), सहारनपुर, मेसर्स बी.एच.ई.एल., भोपाल तथा मेसर्स ब्रिज एंड रूफ (बी.&आर.), कोलकाता से सदस्यों वाली एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से साइट पर दौरा एवं परियोजना की प्रगति की निगरानी करेगी और सरकार को रिपोर्ट करेगी।

मई, 2017 से सितंबर, 2018 तक निधि की कमी के कारण लगभग 18 माह के अप्रत्याशित अंतराल से परियोजना प्रभावित हुई। मंत्रिमण्डल की स्वीकृति के पश्चात, परियोजना को पुनः लामबंदी एवं वृद्धि के मुद्दो आदि का सामना करने पश्चात प्रारम्भ किया जा सकता था, जिसमें काफी समय लग सकता था। साथ ही, वर्ष 2021-22 में कोविड-19 लहरों के प्रसार ने लॉकडाउन, मूल श्रमिकों के प्रवास, ऑक्सीजन सिलेंडरों की तीव्र मांग, संकुचन सामाग्री आदि के कारण परियोजना की प्रगति को प्रभावित किया है।

मैसर्स पैपसेल ए.एस., चेक, पेपर मशीन नवीनीकरण कार्य के ठेकेदार अपने दिवालियेपन एवं नकदी प्रवाह के मुद्दे के कारण कार्य से दूर चले गये हैं, अंत में उन्हें परियोजना में पुनः सम्मिलित कर लिया गया है। कुछ छोटे कार्यों को छोडकर परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के माननीय मंत्री द्वारा दिनांक 23.08.2022 को संयंत्र का उदघाटन किया गया था। आर.एम.डी.पी. के पूर्ण होने पर, कम्पनी लेखन एवं मुद्रण कागज के साथ उच्च चमक के अखबारी कागज के 100000 टी.पी.ए. का निर्माण करने में सक्षम होगी एवं आत्मनिर्भर बनने की उम्मीद करती है।

यह परियोजना आयातित विकल्पों के स्थान पर स्थानीय रूप से अखबारी कागज एवं अन्य श्रेणी का उत्पादन करके भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये एक उदाहरण होगी। कम्पनी प्रबंधन स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल प्रबंधन एवं पर्यावरण के मुद्दों के बारे में पूर्णरूपेण चिंतित है तथा व्यवसाय एवं सामाजिक ज़िम्मेदारी के हर क्षेत्र में सतत विकास कर रहा है। कम्पनी 100% क्षमता उपयोग हासिल करने का लक्षय बना रही है, इससे हमें रुपये 5000 लाख तक का राजस्व प्राप्त हो सकता है। बाजार की गतिशील मांगो को पूर्ण करने के लिये, नेपा अखबारी कागज या लेखन एवं मुद्रण तथा क्राफ्ट पेपर को रोल कर सकती है और मशीनें पहले से ही उसी के लिये डिजाइन की गई हैं। हमें अपने नियमित ग्राहकों से भारी प्रतिक्रिया प्रपट हुई है एवं साथ ही कई नये ग्राहक/एजेंट हमारे उत्पाद में काफी रुचि दिखा रहे हैं। यह कदम इलाकों में जागरूकता फैलाने एवं क्षेत्र में रहने वाली अधिक से अधिक महिलाओं को सम्मिलित करने के लिये था। अधिकांश कच्चा माल अभी भी रद्दी कागज आपूर्ति चैनलों से ही प्राप्त किया जायेगा।

**9. पर्यावरण प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण**

हाल ही में सम्पन्न हुये पुनरुध्दार एवं मिल विकास योजना (आर.एम.डी.पी.) कार्य में पर्यावरण की सुरक्षा के सभी उपाय किये गये हैं। कच्चे माल के रूप में पुराने अखबार एवं सफेद सामग्री (प्रयुक्त कार्यालय स्टेशनरी कागज) का उपयोग करके अच्छी गुणवत्ता वाले अखबारी कागज एवं लेखन मुद्रण कागज का उत्पादन करने के लिये पर्यावरण अनुकूल तकनीक पर विचार किया गया हैं। यह प्रक्रिया लागत प्रभावी हैं, अमिश्रीत क्लोरीन मुक्त हैं एवं कोई प्रदूषण भी उत्पन्न नहीं करती हैं। प्रक्रिया अनुकूलन के लिये कम से कम संभव रसायनों का उपयोग किया जा रहा है। आर.एम.डी.पी. के तहत प्रदूषण उन्मूलन के लिये निम्नलिखित कदम उठाये गये तथा लागू किये गये :-

- फाइबर के साथ-साथ शून्य तरल निर्वहन को पुनर्प्राप्त करने के लिए पूर्ण विकसित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली (स्लज प्रबंधन प्रणाली) को पूर्ण करने के लिये अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र के लिये ईटी प्लांट (उपचार क्षमता 12,000 घन मीटर प्रतिदिन) प्रारम्भ है। स्लज प्रबंधन प्रणाली की स्थापित क्षमता 140 मीट्रिक टन क्षमता (50% नमी) एवं ईटी प्लांट (उपचार क्षमता 12,000 घन मीटर प्रतिदिन) के साथ है।
- पावर हाउस में वायुमंडल में प्रवाहित होने पहले गैसों (SO2, NOx CO, CO2 आदि) को नियंत्रित करने के लिये नये चार फील्ड इलेक्ट्रो स्टैटिक प्रीसिपिटेटर (ई.एस.पी.) प्रचालित है।
- आस-पास के वायुमंडलीय वायु की स्वच्छता बनाये रखने के लिये वायुमंडल में उच्च ग्रिप गैसों के निर्वहन के लिये 80 मीटर ऊंचाई की नई चिमनी स्थापित की गई है।

- धूल उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिये कॉल हैंडलिंग संयंत्र में धूल दमन प्रणाली एवं पलायक उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिये ऐश हैंडलिंग संयंत्र के पास बैग फिल्टर प्रचालित है।
- सल्फर उत्सर्जन को रोकने के लिये पावर हाउस बॉयलर में चूना फीडिंग तंत्र भी उपलब्ध है।

**उपरोक्त के अतिरिक्त :**

ए. सतत ऑनलाइन बहिष्प्रवाही निगरानी प्रणाली (ओ.सी.ई.एम.एस.) एवं सतत ऑनलाइन स्टैक उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (सी.एस.ई.एम.एस.) की सहायता के साथ सतत सी.पी.सी.बी./एम.पी.पी.सी.बी. क्लाउड के आधार पर ई.टी. प्लांट बहिष्प्रवाही मानदंड एवं पावर हाउस वायु प्रदूषण मानदंड को वास्तविक समय में निगरानी एवं प्रसारित किया गया।

बी. प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के दिशा-निर्देशों के अनुसार खतरनाक अपशिष्ट, निपटान अर्थात तेल का उपयोग प्रमाणित तेल प्रसंस्करण इकाई तथा कचरे के राल को एम.पी. अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना, पिथमपुर, मध्यप्रदेश के द्वारा निपटाया गया है।

सी. स्वच्छ हरा-भरा एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण को बनाये रखने के लिये पर्यावरण दिवस के दौरान नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में व्यापक वृक्षारोपण का कार्य किया जाता है।

**10. अनुसंधान एवं विकास तथा गुणवत्ता एवं तकनीकी**

हमारा गुणवत्ता नियंत्रण तथा अनुसंधान एवं विकास केन्द्र आर.एम.डी.पी. के दौरान नवीनीकृत तथा सबसे उन्नत डिजिटल परीक्षण उपकरणों से सुसज्जित है। गुणवत्ता नियंत्रण टीम गुणवत्ता एवं विशिष्टताओं के संबंध में कच्चे माल, रसायनों तथा अन्य आने वाली सामाग्री के परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर.एम.डी.पी. के पश्चात, मिल ने पुनर्चक्रित आधारित फाइबर से बेहतर गुणों के साथ उच्च चमक वाले अच्छी गुणवत्ता वाले अखबारी कागज का उत्पादन जारी रखा था। उत्पादित अखबारी कागज के वांछित गुणों को प्राप्त करने के लिये, आने वाले कच्चे माल, उत्पादित लुगदी एवं निर्मित कागजों का सख्त निरीक्षण मानकों के विनिर्देश के संबंध में विभिन्न चरणों में किया जाता है। हमारे मूल्यवान ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला उत्पाद भेजना सुनिश्चित करने के लिये गुणवत्ता एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अच्छी तरह प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा तैयार उत्पाद की चौबीसों घंटे निगरानी की जाती है। ग्राहकों की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाता है।

नावथा उपचार संयंत्र में उपचार के पश्चात नेपानगर टाउनशिप में वितरित किये जाने वाले उपचारित पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये नेपा मिल प्रयोगशाला में पावर हाउस, उत्पादन में उपयोग के साथ-साथ घरेलू उपयोग के लिये भी प्रवाह एवं जल परीक्षण किया जाता है। जल उपचार के लिये रसायनों की मात्रा तय करने हेतु परीक्षण के लिये समय-समय पर नमूने लिये जाते हैं।

नेपा आर. & डी. केंद्र वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के साथ पंजीकृत है। आर. & डी. केन्द्र में प्रयोगों एवं परीक्षणों ने नेपा लिमिटेड को एक नई दृष्टि दी है। अनुसंधान एवं विकास केन्द्र में प्रयोगों एवं परीक्षणों ने नेपा लिमिटेड को नये विचार तथा नये अवसरों की गुंजाइश दी है।

अनुसंधान एवं विकास विभाग प्रयोगशाला में वांछित ग्रेड एवं अखबारी कागज की गुणवत्ता का उत्पादन करने के लिये कच्चे माल के विभिन्न संयोजनों पर प्रयोग करता है एवं वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिये इसे उत्पादन संयंत्र में लागू किया जाता है।

हमारे नेपा उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार के लिये नेपा अनुसंधान एवं विकास केन्द्र में विभिन्न निर्माताओं से विभिन्न प्रकार के अन्य कागजों के नमूने एकत्र किये जा रहे हैं, उनका परीक्षण किया जा रहा है तथा उनका गहन अध्ययन किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र संयंत्र में इसके प्रभावी उपयोग के लिये संयंत्रों में उत्पन्न स्लज फ्लाई ऐश पर परीक्षण करता है।

अब अच्छी गुणवत्ता वाले लेखन एवं मुद्रण कागज का उत्पादन करने के लिये अखबारी कागज से उत्पाद विविधीकरण पर कार्य चल रहा है, बहुत जल्द नेपा अच्छी गुणवत्ता वाले लेखन एवं मुद्रण कागज का निर्माण प्रारम्भ कर देगा।

**11. मानव संसाधन विकास**

कम्पनी ने आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करते हुये मानव संसाधन विकास को अत्यधिक महत्व दिया है। यह विकास कर्मचारियों की मूल क्षमता को विकसित करेगा, जो उन्हें उत्तम एवं दक्ष दिशा एवं परिवर्तन के अनुकूल कार्य निष्पादन में समर्थ बनायेगा।

कोरोनो वायरस बीमारी के प्रकोप से निपटने के लिये तैयारियों एवं प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिये, कम्पनी ने कोविड-19 पर निर्देश जारी किये है, जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर दिये गये सभी पूर्वोपाय को अपनाने का सुझाव दिया गया, ताकि कोविड-19 की आशंका से प्रभावी ढंग से निपटने के लिये हमारा कार्यबल तैयार रहे।

संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये कर्मचारियों के विकास एवं उन्नति की आवश्यकताओं को कम्पनी की एच.आर.एम. नीतियों के संबंध में सकारात्मक असर बताया गया है। आर.एम.डी.पी. के पश्चात के परिदृश्य में, सभी गैर-मुख्य गतिविधियों को मंत्रिमंडलीय स्वीकृति एवं जुलाई 2016 की राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की रिपोर्ट के अनुसार आउटसोर्स किया जायेगा। इससे कम्पनी को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने, मानव संसाधन लागत में कमी एवं आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

दिनांक 31.03.2023 को कम्पनी के कर्मचारियों की संख्या 230 (86 अधिकारी, 91 कर्मचारी एवं 53 अस्थाई श्रमिक समाविष्ट) है।

**12. औद्योगिक संबंध एवं कर्मचारी कल्याण उपाय**

पूर्व वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी कम्पनी लगातार सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध कायम रखने में सफल रही। मान्यता प्राप्त संघ एवं उसके प्रतिनिधियों के साथ लगातार अन्योन्य क्रिया के माध्यम से कम्पनी के भाग लेने वाली कार्य संस्कृति ने स्वस्थ औद्योगिक संबंध सुगम बनाया तथा परिणामस्वरुप वर्ष के दौरान हड़ताल/तालाबंदी के खाते में एक भी दिन खराब नहीं हुआ।

वर्ष के दौरान कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को प्रदत्त विभिन्न कल्याण उपाय जारी रहे।

**13. प्रबंधन में कर्मचारी सहभागिता**

श्रमिक संबंधों में सुधार एवं विभागों की प्रचालन क्षमता हेतु विभिन्न शॉप-फ्लोर एवं स्टॉफ कल्याण समितियों का गठन किया गया। विभिन्न समितियों में मान्यता प्राप्त संघ के प्रतिनिधियों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया, ताकि कम्पनी के कार्य एवं सामाजिक वातावरण तथा अच्छी समझ-बुझ बनाने में सकारात्मक वृध्दि को सहायता मिल सके। कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर और बल दिया जा रहा है।

**14. कर्मचारियों का विवरण**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3), जिसे कम्पनी (कर्मचारियों के विवरण) संशोधन नियम, 2011 के साथ पढ़ा जाये, के अनुपालन में पूरे वर्ष अथवा वर्ष के भाग के लिये ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है, जिसने रुपये 60 लाख प्रति वर्ष या रुपये 5 लाख प्रति माह सामूहिक पारिश्रमिक प्राप्त किया है।

**15. एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. इत्यादि सदस्यों की रोजगार की स्थिति**

दिनांक 31.03.2023 को अनुसूचित जाति (एस.सी.)/अनुसूचित जनजाति (एस.टी.)/अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.)/भूतपूर्व सैनिकों और शारीरिक विकलांग (पी.डब्ल्यू.डी.) के सदस्यों के रोजगार की स्थिति **अनुलग्नक I** में दर्शाई गई है।

**16. महिला कर्मचारियों की स्थिति**

कम्पनी में दिनांक 31.03.2023 को महिला कर्मचारियों का विवरण **अनुलग्नक II** में दर्शाया गया है।

**17. राजभाषा के उपयोग को प्रोत्साहन**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं उसके तहत बनी नियमावली के प्रावधानों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का सतत प्रयास किया है। कथित अधिनियम की धारा 3 (3) के प्रावधानों के अनुपालन में दस्तावेज या तो राजभाषा हिन्दी में अथवा द्विभाषी जारी किये जा रहे हैं।

इसके भाग के रुप में सभी श्रेणियों के कर्मचारियों/अधिकारियों के लिये गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम, राजभाषा मास एवं उच्च स्तरीय राजभाषा कार्यशाला तथा हिन्दी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों सहित समय-समय पर कार्यशाला आयोजित की गई। हिन्दी में प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा विजेताओं को उपयुक्त पुरुस्कार प्रदान किये गये। कम्पनी में दिनांक 14.09.2022 से दिनांक 21.09.2022 तक "हिन्दी सप्ताह" का आयोजन किया गया।

हिन्दी के प्रयोग के प्रोत्साहन के लिये सरकारी विभागों, शालाओं और बैंकों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति की छमाही बैठक नियमित रुप से आयोजित की जा रही है।

विभिन्न विभागों में मल्टीयूज़र सॉफ्टवेअर मंगल एवं कृति देव यूनीकोड का प्रयोग किया जा रहा है। कम्पनी, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के उचित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिये श्रेष्ठ प्रयास कर रही है।

**18. यौन उत्पीड़न के निषेध के लिये नीति**

कम्पनी में रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के क्रम में यौन उत्पीड़न के निषेध के लिये नीति प्रचलित है। यौन उत्पीड़न के संबंध में शिकायतें सुनने हेतु एक आंतरिक शिकायत समिति बनाई गई है। समस्त कर्मचारी (स्थायी, संविदागत, अस्थायी एवं प्रशिक्षु) इस नीति के अंतर्गत शामिल है।

**19. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के तहत तीन त्वरित पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान कम्पनी के औसत शुध्द लाभ का कम से कम 2% से समानांतर राशि सी.एस.आर. गतिविधियों पर कम्पनी द्वारा व्यय करने की आवश्यकता है। चूंकि पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान से कम्पनी केवल हानि वहन कर रही है। समीक्षाधीन वर्ष के लिये कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं थे।

तथापि, कम्पनी लंबे समय से नेपानगर के निवासियों एवं पड़ोसी समुदायों को स्वास्थ्य देखभाल सुविधायें प्रदान कर रही है। कम्पनी ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम भी चलाये। कम्पनी नेपानगर टाउनशिप में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं खेल गतिविधियों के संचालन के लिये विभिन्न सामाजिक संगठनों को पूरा सहयोग देती है।

**20. सहायक/एसोसिएट्स/संयुक्त उद्यम के वित्तीय निष्पादन/वित्तीय स्थिति के संबंध में जानकारी।**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी की कोई सहयोगी, संयुक्त उद्यम एवं सहायक कम्पनी नहीं थी।

**21. वार्षिक प्रतिवेदन का उध्दरण/वेब पता**

अधिनियम की धारा 92 (3) एवं इसके तहत बने नियमों की आवश्यकताओं के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये वार्षिक प्रतिवेदन का उध्दरण निर्धारित प्रपत्र क्र. एम.जी.टी.-9 में दिया गया है, यह www.nepamills.co.in पर उपलब्ध है।

**22. जोखिम प्रबंधन नीति**

नेपा लिमिटेड के पास एक संरचित एवं व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन प्रणाली को लागू करने के लिये मण्डल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति है। नीति का उद्देश्य जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन, प्रतिकृया, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिये एक सामान्य समझ, भाषा तथा कार्यप्रणाली स्थापित करना एवं प्रबंधन को आश्वासन देना है कि कम्पनी में प्रमुख जोखिमों की ठीक से पहचान की जा रही है एवं प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा रहा है।

**23. ऊर्जा संरक्षण**

ऊर्जा संरक्षण एवं अन्य लाभों के लिये नई तकनीकों को सम्मिलित करते हुये उत्पादन के लिये संयंत्र प्रारभ किया गया है। कोयले की बचत एवं वायुमंडल में सी.एच.जी. (Co2) के उत्सर्जन स्तर को कम करने के लिये कैप्टिव पावर प्लांट के बॉयलर प्रणाली की समग्र दक्षता बढ़ाने के लिये पुराने ट्रैवलिंग ग्रेट बॉयलर को ए.एफ.बी.सी. बॉयलर से बदल दिया गया है। ऊर्जा संरक्षण के लिये वैक्यूम पंप एवं प्रोसेस पंप जैसे ऊर्जा गहन प्रक्रिया उपकरणों को नये बेहतर दक्षता वाले पंपों से बादल दिया गया है। प्रक्रिया दक्षता एवं नियंत्रण में सुधार के लिये संयंत्र प्रचालन में डी.सी.एस. एवं क्यू.सी.एस. प्रणाली को सम्मिलित किया गया है। बेहतर दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण के लिये पारंपरिक प्रकार के प्रकाश जुड़नार को नये एल.ई.डी. प्रकाश जुड़नार से बदला जा रहा है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3), जिसे कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाये, के प्रावधानों की सूचना के अनुसार ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी आत्मसातीकरण एवं विदेशी विनिमय आय तथा बाह्यगमन **अनुलग्नक III** पर संलग्न है।

**24. निदेशकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक के भुगतान एवं उनके कर्तव्यों के निर्वहन से संबंधित कम्पनी की नीति**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 197, जिसे कम्पनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 के साथ पढ़ा जाये, के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक सूचीबध्द कम्पनी को चाहिये कि निदेशक का प्रतिवेदन में निदेशकों आदि के पारिश्रमिक की पूर्ण जानकारी प्रसारित करें। तथापि, निगमित संबंधी सार्वजनिक मामलों के मंत्रालय के द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के अनुसार, सरकारी कम्पनियों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों के पालन से छूट प्राप्त है।

चूँकि नेपा लिमिटेड एक सरकारी कम्पनी है, इसलिये यथा वर्णित निदेशक के प्रतिवेदन के भाग के रुप में सम्मिलित नहीं है।

नेपा लिमिटेड एक सरकारी कम्पनी होने के कारण मण्डल सदस्य की नियुक्ति भारत सरकार के नियंत्रण में है, इसलिये यथा वर्णित ऐसे विवरण निदेशक के प्रतिवेदन के भाग के रुप में सम्मिलित नहीं है।

**25. सतर्कता**

सतर्कता विभाग का नेतृत्व वर्तमान में मुख्य सतर्कता अधिकारी करते हैं एवं प्रबंधक (सतर्कता) उनकी सहायता करते हैं। सतर्कता विभाग निवारक सतर्कता पर अधिक बल देता है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी.वी.सी.) के निर्देशानुसार, "विकसित राष्ट्र के लिये भ्रष्टाचार मुक्त भारत" की विषय पर नेपा लिमिटेड में दिनांक 31.10.2022 से दिनांक 06.11.2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वी.ए.डबल्यू.) मनाया गया। सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सतर्कता विभाग मण्डल स्तर से नीचे के कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायतों को निपटाता है, सतर्कता मामलों के संबंध में सूचना के प्रवाह को सुव्यवस्थित करने के लिये सी.वी.सी., सी.बी.आई. एवं एम.एच.आई. के सी.वी.ओ. के साथ एक अंतराफलक के रूप में कार्य करता है। सहमत सूची एवं ओ.डी.आई. सूचियाँ तैयार की जाती हैं, सतर्कता स्वीकृति दी जाती है एवं त्रैमासिक प्रगति एवं निष्पादन रिपोर्ट केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी.वी.सी.) को प्रस्तुत की जाती है।

**26. मण्डल की समिति**

अद्यतन मण्डल की समिति के संबंध में विवरण निगमित शासन प्रतिवेदन में **अनुलग्नक IV** पर संलग्न है।

**27. निगमित शासन**

निगमित शासन पर प्रतिवेदन **अनुलग्नक IV** पर संलग्न है।

(i) निगमित शासन पर डी.पी.ई. निर्देशानुसार निगमित शासन (सी.जी.) पर प्रारूप प्रमाण पत्र।

(ii) कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) के तहत सचिवीय अंकेक्षण प्रतिवेदन।

स्वतंत्र निदेशकों ने मण्डल को अपने खुलासे प्रस्तुत किए हैं कि वे कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) में निर्धारित सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, ताकि स्वयं को कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं प्रासंगिक नियमों के प्रावधानों के तहत एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जा सके।

**28. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण**

दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिये वार्षिक लेखा की तैयारी हेतु निदेशक मण्डल कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के प्रावधानों के अनुसार उत्तरदायित्व एवं अनुपालन सुनिश्चित करते है तथा कथन करते है कि :-

i. वार्षिक खाते बनाते समय सैध्दांतिक बदलाव से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ प्रभावी खतौनी मानकों का पूरा अनुपालन किया गया है;

ii. निदेशकों ने इन खतौनी सिध्दांतों का चुनाव किया था तथा इसे दृढता से लागू किया एवं निर्णय किया और अनुमान लगाया कि यह उचित एवं दूरदर्शी हैं जिससे कि वे वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के मामलों के संबंध में यथा अवधि लाभ एवं हानि के संबंध में सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण से विचार दें;

iii. निदेशकगणों ने कम्पनी की परिसम्पत्ति को सुरक्षित रखने और धोखाधड़ी को रोकने एवं उसका पता लगाने तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिये इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत खतौनी के उचित एवं पर्याप्त अनुरक्षण के लिये आवश्यक एवं समुचित ध्यान रखा गया है;

iv. वार्षिक खातों को सतत व्यापार अवधारणा पर तैयार किया है;

v. कम्पनी के अनुपालन द्वारा निदेशकों के पास तैयार किया आंतरिक वित्तीय नियंत्रित हो और यथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण सटीक एवं प्रभावी प्रचालन हो;

vi. सभी लागू नियमों के प्रावधानों के पालन सुनिश्चित हेतु समुचित व्यवस्था की सोच निदेशकों के पास है तथा यथा व्यवस्थायें सटीक एवं प्रभावी प्रचालन है;

**29. प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट**

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण पर एक रिपोर्ट **अनुलग्नक V** पर है।

**30. अंकेक्षक**

मेसर्स फड़निस एण्ड गुप्ते, सनदी लेखापाल, इन्दौर को वर्ष 2022-23 के लिये पत्र क्रमांक सी.ए.वी./सी.ओ.वाय./केन्द्रीय सरकार, नेपा (1)/694 दिनांक 01.09.2022 के द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा वैधानिक अंकेक्षक नियुक्त किया गया था।

**31. अंकेक्षक प्रतिवेदन**

अंकेक्षक के प्रतिवेदन में कोई योग्य टिप्पणी नहीं है एवं अंकेक्षक की टिप्पणी प्रकृति में स्व-व्याख्यात्मक है तथा इसलिये मण्डल के प्रतिवेदन में किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

**32. अंकेक्षक प्रतिवेदन के अनुसार धोखाधड़ी का विवरण**

दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी में कोई धोखाधड़ी नहीं हुई है। कम्पनी के अंकेक्षकों के प्रतिवेदन का भी समर्थन किया जा रहा है क्योंकि दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वितिय वर्ष के लिये उनके अंकेक्षण प्रतिवेदन में कोई धोखाधड़ी नहीं हुई है।

**33. संबंधित पार्टी लेन-देन**

वर्ष के दौरान, संबंधित पार्टियों के साथ कोई भी लेन-देन अधिनियम की धारा 188 (1) के दायरे में नहीं आता है। इसलिये, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रपत्र ए.ओ.सी.-2 कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

**34. सतर्कता तंत्र की स्थापना**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के प्रावधानों के अनुसार, कम्पनी के लिये अपने निदेशकों और कर्मचारियों हेतु एक सतर्कता तंत्र स्थापित करना आवश्यक नहीं है।

**35. आंतरिक अंकेक्षक**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के आंतरिक अंकेक्षक के रूप में कार्य करने के लिये मेसर्स मिलिंद नियति एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल नियुक्त किये गये थे।

**36. किसी भी नियामक प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल/न्यायालय द्वारा पारित आदेश**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भविष्य में चल रही चिंता की स्थिति एवं कम्पनी संचालन को प्रभावित करने वाले किसी भी नियामक प्राधिकरण या न्यायालयों या ट्रिब्यूनल्स द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किया गया।

**37. सचिवीय अंकेक्षण प्रतिवेदन**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204, जिसे कम्पनी (निदेशक की नियुक्ति एवं अर्हता) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाये, के प्रावधानों के अनुसार, कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये कम्पनी के सचिवीय अंकेक्षण करने हेतु आई.जी. एण्ड एसोसिएट्स, पेशेवर कम्पनी सचिव को नियुक्त किया है। सचिवीय अकेक्षक द्वारा दिये गये सचिवीय अंकेक्षण प्रतिवेदन इस प्रतिवेदन के निगमित शासन प्रतिवेदन में **अनुलग्नक IV** में संलग्न है।

सचिवीय अंकेक्षक की टिप्पणी प्रकृति में स्व-व्याख्यात्मक है।

**38. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली**

कम्पनी ने समुचित आंतरिक नियंत्रण परिमाण बनाया है। यह प्रबंधन आच्छादि समस्त समीक्षात्मक और आवश्यक गतिविधियों द्वारा प्रणाली और विभिन्न मैनुअलों के फार्म में हैं। ये मैनुअल और प्रणाली समय-समय पर अद्यतित होती हैं और इसका सख्ती से पालन किया जाता है, जो आंतरिक अंकेक्षण द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। आंतरिक अंकेक्षण विभाग विभिन्न नीतियों एवं प्रणालियों के अनुपालन में आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की प्रभावीयता तथा पर्याप्तता, समीक्षा एवं जाँच करता है। आंतरिक अंकेक्षण की कार्य प्रणाली और आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की पर्याप्तता की समीक्षा मण्डल स्तर की अंकेक्षण समिति द्वारा की जाती है।

**39. सामग्री परिवर्तन और वचनबध्दता, यदि कोई, कम्पनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करता है**

कम्पनी में कोई सामग्री परिवर्तित नहीं है और वचनबध्दता कम्पनी के वित्तीय वर्ष के बंद होने के लिये निरंतर प्रकट हुई है, जिससे तुलन पत्र और प्रतिवेदन की तिथि से संबंधित, स्वीकृत योजना के अनुसार आर.एम.डी.पी. के क्रियांवयन के लिये, को छोड़कर कम्पनी की वास्तविक स्थिति को प्रभावित कर सकती है।

**40. ऋण, गारंटी अथवा निवेश का विवरण**

वित्तीय विवरण के नोट में दिये गये ऋण, गारंटी और निवेश कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के तहत अपना लिया गया है।

**41. जमा**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 एवं कम्पनी (जमा की स्वीकृति) नियम, 2014 की सीमा में कम्पनी ने लोगों से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है।

**42. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ**

दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिये कम्पनी के खातों पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (बी) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ वार्षिक प्रतिवेदन में दिये गये प्रबंधन के उत्तर के साथ हैं।

**43. मण्डल सभायें**

वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी के निदेशक मण्डल ने चार सभायें आयोजित की।

| क्रमांक | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| दिनांक | 27.06.2022 | 06.09.2022 | 21.11.2022 | 18.02.2023 |
| उपस्थित निदेशकों की संख्या | 4 | 4 | 4 | 4 |

**44. अंकेक्षण समिति**

वर्ष के दौरान अंकेक्षण समिति ने चार सभायें आयोजित की।

| क्रमांक | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| दिनांक | 27.06.2022 | 06.09.2022 | 21.11.2022 | 18.02.2023 |
| उपस्थित निदेशकों की संख्या | 3 | 3 | 3 | 3 |

वर्ष के दौरान स्टैकहोल्डर संबंध समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

**45. निदेशक मण्डल एवं के.एम.पी. का गठन**

मण्डल का गठन इस प्रकार है :-

| क्र. | नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती निधि छिब्बर | दिनांक 15.06.2021 से अंशकालीक कार्यालीन निदेशक |
| 2. | डॉ. रेणुका मिश्रा | दिनांक 29.06.2022 से अंशकालीक कार्यालीन निदेशक |
| 3. | कमोडोर सौरभ देब | दिनांक 01.01.2021 से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | श्रीमती कमलावती सिंह | दिनांक 20.02.2020 से स्वतंत्र निदेशक |
| 5. | श्री पी.के. नाईक | दिनांक 02.05.2019 से निदेशक (वित्त) |
| 6. | श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | दिनांक 21.06.2021 से अंशकालीक कार्यालीन निदेशक दिनाक 16.09.2022 को भारत सरकार से पुष्टि प्राप्त हुई |
| 7. | श्री अतुल कुमार मिश्रा | दिनांक 03.03.2023 से अंशकालीक कार्यालीन निदेशक दिनाक 05.06.2023 को भारत सरकार से पुष्टि प्राप्त हुई |

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मण्डल में निम्नलिखित परिवर्तन किये गये थे :-

1. श्रीमती निधि छिब्बर नेपा लिमिटेड में दिनांक 29.06.2022 को अंशकालिक कार्यालीन निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया।
2. डॉ. रेणुका मिश्रा नेपा लिमिटेड में दिनांक 29.06.2022 से अंशकालिक कार्यालीन निदेशक के रूप में नियुक्त की गई।
3. श्री पी.के. नाईक को दिनांक 02.05.2019 से निदेशक वित्त (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में नियुक्त किया गया है, जिसमें दिनांक 02.05.2022 से और एक वर्ष का विस्तार किया गया है।
4. श्रीमती कमलावती सिंह नेपा लिमिटेड में दिनांक 19.02.2023 को स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया।
5. श्री वी.एन. बरोले दिनांक 31.12.2022 को मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुये।
6. श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन नेपा लिमिटेड में दिनांक 03.03.2023 को अंशकालीक कार्यालीन निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया, दिनाक 05.06.2023 को भारत सरकार से पुष्टि प्राप्त हुई।
7. श्री अतुल कुमार मिश्रा नेपा लिमिटेड में दिनांक 03.03.2023 से अंशकालीक कार्यालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये एवं दिनाक 05.06.2023 को भारत सरकार से पुष्टि प्राप्त हुई।

**46. अखबारी कागज एवं लेखन मुद्रण कागज के विपणन की स्थिति**

भारतीय अखबारी कागज एवं लेखन मुद्रण कागज उद्योग का अवलोकन तथा नेपा के लिये भविष्य की संभावनायें

**भारतीय कागज एवं पल्प बाजार का मूल्य :-** वर्ष 2021 में 11.48 बिलियन अमेरिकी डॉलर था एवं पूर्वानुमान अवधि के दौरान 13.4% सी.ए.जे.आर. पर वर्ष 2029 तक 31.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक होने की आशा है। चूंकि लॉक डाउन को विभिन्न क्षेत्रों एवं देशों में अलग-अलग प्रकार से लागू किया गया था, इसलिए इसका प्रभाव भी क्षेत्रों एवं खण्डों के अनुसार अलग-अलग है।

भारत दुनिया का 15वां सबसे बड़ा कागज उत्पादक है। वर्ष 2021-2027 में कागज की प्रति व्यक्ति खपत में 10.6% की वृद्धि के साथ खपत के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ते बाजार के रूप में उभरा है। घरेलू बाजार/कागज की खपत 16 मिलियन टन प्रति वर्ष (टी.पी.ए.) से अधिक है, जिसमें 2 मिलियन टी.पी.ए. से अधिक का आयात किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 तक, आधारभूत परिदृश्य के तहत, घरेलू खपत 23.50 मिलियन टी.पी.ए. तक बढ़ने का अनुमान है। जबकि उद्योग ने क्षमताओं को बढ़ाने के लिये महत्वपूर्ण पूँजी निवेश किया है, निर्माण अवधि लंबी है एवं निवेश की आर्थिक व्यवहार्यता कच्चे माल तथा अन्य आदानों की उपलब्धता एवं लागत तथा बढ़े आयात से काफी प्रभावित होती है।

**अखबारी कागज खण्ड**

वर्ष 2022 में कुछ अप्रत्याशित वृद्धि को छोडकर अन्य पेपर खण्ड की तुलना में अखबारी कागजों में पिछले कुछ वर्षों में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई है। डिजिटल अनुप्रयोगों और इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम प्लेटफार्मों के उदय के कारण दैनिक समाचार पत्रों में धीमी वृद्धि हुई है। उपभोक्ता सामान्यतः राष्ट्रीय समाचारों को टी.वी. के माध्यम से राष्ट्रीय समाचारों पर नजर रखता है एवं संचार माध्यम के शहरी क्षेत्र तक पहुँचने की प्रवृत्ति, साक्षरता दर में वृद्धि के कारण भारत के ग्रामीण हिस्से में अखबारी कागज की खपत में वृद्धि देखी गई है। आंतरिक रूप से हाल के दिनों में स्थानीय भाषा, प्रारम्भिक संस्कारण में वृद्धि देखी जा रही है। प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, बड़े पैमाने पर शहरीकरण एवं सकाल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के साथ, अखबारी कागज की मांग में और अधिक वृद्धि होने की पूरी संभावना है।

**लेखन कागज खण्ड**

डब्ल्यू.पी.पी. खण्ड के 4% की दर से बढ़ने की संभावना है एवं इसकी गति जारी रहने की उम्मीद है। मुख्य खंड सेवा उद्योग, प्रकाशन गृह एवं शिक्षा क्षेत्र हैं, जो डब्ल्यू.पी.पी. के भारी उपयोगकर्ता हैं। एक बार अर्थव्यवस्था को कोविड-19 परिदृश्य में सामान्य गति पुनर्स्थापित करने के पश्चात इस खंड में भारी वृद्धि होने की संभावना है। इस क्षेत्र का लेखन एवं मुद्रण कागज में वृद्धि के साथ प्रत्यक्ष परस्पर संबंध है। शाला शिक्षा, फार्मास्युटिकल क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण क्षेत्र पर केंद्र तथा संबंधित राज्य सरकारों द्वारा बढ़ता फोकस एवं उच्चतर बजट आवंटन, उच्च शिक्षा के केंद्रों की संख्या में वृद्धि, वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान एफ.एम.सी.जी. क्षेत्र में दोहरे अंकों में लगभग 27.9% वृद्धि एवं ई-कॉमर्स क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2026 तक सी.ए.जी.आर. 27% बढ़ने की संभावना है।

**नेपा लिमिटेड के लिये भविष्य का दृष्टिकोण**

भारतीय कागज़ उद्योग में विकास संरचनात्मक आर्थिक कारकों जैसे जनसंख्या वृद्धि दर, जनसांख्यिकी में संक्रमण, साक्षरता दर में सुधार, सरकार द्वारा शिक्षा पर अधिक व्यय तथा मुद्रण एवं संचार माध्यम उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि से जुड़ा हुआ है। घरेलू बाजार उद्योग में मुक्त पहुंच को देखते हुये अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा पर उजागर हो गया है।

भारतीय कागज ने खपत स्वरूप एवं उपभोक्ता वरीयताओं में एक बदलाव देखा है। मध्यम आय वर्ग के आय स्तर में वृद्धि एवं उच्च शिक्षा में अभूतपूर्व वृद्धि भी वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ व्यवसायी सम्बध्द ने अपनी प्राथमिकताओं के साथ उपभोक्ताओं की मानसिकता एवं व्यवहार को बदल दिया है। गुणवत्ता एवं लागत प्रभावी कागज की मांग तेज गति से बढ़ रही है। कोविड-19 के पश्चात बढ़ती स्वास्थ्य चेतना एवं उसके पश्चात पर्यावरण संबंधी चिंतायें स्वच्छता के साथ उच्च गुणवत्ता वाले ऊतक, चेहरे की सुरक्षा के लिये निपटान योग्य लेकिन सस्ते मास्क तथा जीवन के हर क्षेत्र में प्लास्टिक के विकल्प के रूप में, आम जनता की स्वच्छता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिये मांग को बढ़ायेगी।

नेपा लिमिटेड अपने अस्तित्व के एक मोड़ पर है एवं कोविड-19 के पश्चात अभ्यूत्थान में बदलाव का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उदघाटन के पश्चात, उत्पादन प्रारम्भ हो गया है एवं कुशल श्रमशक्ति की कमी तथा आवश्यक कच्चे माल एवं धन के मूल्यों में उतार-चढ़ाव के बावजूद नेपा द्वारा माध्यम उत्पादन स्तर प्राप्त किया गया है। अब तेजतर्रार, वर्तमान प्रबंधन एवं परियोजना नेतृत्व तथा प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा पूर्व से ही निभाई गई निर्णायक अग्रणी भूमिका के साथ पुनर्जीवित नेपा लिमिटेड तुलन पत्र को सकारात्मक बनाकर नई ऊंचाईयों पर पहुँचेगी।

सरकार ने बी.सी.डी. की छूट वापस ले ली है एवं वर्ष 2020 में आयातित अखबारी कागज पर 5% सीमा शुल्क की दर प्रस्तुत की है। सरकार ने सभी आयातकों उद्योग विशेष आर्थिक क्षेत्र/मुक्त व्यापार एवं वेयरहाउसिंग क्षेत्र के लिये पेपर आयात निगरानी प्रणाली (पी.आई.एम.एस.) में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। इन उपायों से स्थानीय उद्योग को महामारी के पश्चात बाजार में सुधार के इस महत्वपूर्ण समय को जीवित रहने एवं पार करने में सहायता मिलेगी। कम्पनी प्रबंधन ने आपूर्तिकर्त्ता, ठेकेदार, फैब्रिकेटर, कार्यबल आदि से संबंधित किसी भी जटिल मुद्दे को हल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

कम्पनी को वर्ष 2023 की दूसरी छमाही में लेखन एवं मुद्रण क्षेत्र में विविधता लाने की उम्मीद है। चूंकि लेखन एवं मुद्रण पेपर की लाभप्रदता अखबारी बाजार की तुलना में अधिक है, इसलिये कम्पनी को हानी की भरपाई करने तथा एक नया बाजार आधार प्राप्त करने की संभावना है। मुद्रण हाउसों एवं पाठ्यपुस्तक निर्माताओं के साथ गठजोड़ पहले ही प्रारम्भ हो चुका है।

आर.एम.डी.पी. के पूर्ण होने पर कम्पनी बाजार की मांग एवं लाभप्रदता समीकरण के आधार पर 100000 एम.टी. प्रतिवर्ष, लेखन एवं मुद्रण तथा अखबारी कागज का उत्पादन करेगी। कार्डों पर निविष्ट कच्चे माल, रसायनों और वायर-फेब्रिक्स आदि की प्राप्ति के लिये रोडमैप है। हम इसके शानदार बदलाव के प्रति आशान्वित हैं।

**47. लागत अभिलेखों का अनुरक्षण**

विनिर्दिष्ट खाते निर्मित एवं अनुरक्षित किये गये हैं।

**48. मण्डल के निष्पादन का मूल्यांकन**

निगमित संबंधी सार्वजनिक मामलों के मंत्रालय के द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के अनुसार, सरकारी कम्पनियों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (पी) के प्रावधानों के पालन से छूट प्राप्त है।

चूँकि नेपा लिमिटेड एक सरकारी कम्पनी है, इसलिये यथा वर्णित निदेशक के प्रतिवेदन के भाग के रुप में सम्मिलित नहीं है।

**49. कोविड-19 के प्रभाव**

महामारी के रूप में कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप एक महत्वपूर्ण बाधा एवं वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में मंदी का कारण बना। कम्पनी ने अपनी उपलब्ध परिसम्पत्तियों, निवेश, व्यवसाय प्राप्य एवं मालसूचियों की वहन मात्रा का आकलन करने में इस के प्रभाव को अधिकतम सीमा तक मान्य किया। स्वास्थ्य संबंधी वैश्विक महामारी का प्रभाव इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि के अनुमान से भिन्न हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कोविड-19 के प्रभाव का आकलन एक लगातार प्रक्रिया है, जो इसकी प्रकृति एवं कालावधि के साथ अनिश्चितता में सहयोग प्रदान करता है।

**50. पूँजी संरचना**

कम्पनी की अधिकृत एवं चुकता पूँजी क्रमशः रुपये 800 करोड़ तथा रुपये 694.32 करोड़ है। वर्ष के दौरान, आर.एम.डी.पी. के लिये भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अतिरिक्त धनराशी के विरुद्ध आवंटित साम्य अंश पूँजी रुपये 78.41 करोड़ का कार्य किया गया।

**51. आभार**

भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय, भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर दी गई सहायता एवं सतत सहायता के लिये मण्डल हृदय से आभार व्यक्त करता है। पी.एस.यू. के पूरे स्पेक्ट्रम में से, आपकी कम्पनी एकमात्र है जिसे पुनरुद्धार पैकेज स्वीकृत किया गया है। निदेशक मण्डल इस समर्थन के लिये आभारी है। निदेशकगण, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, वैधानिक अंकेक्षकों एवं सचिवीय अंकेक्षकों को भी उनके मूल्यवान सुझावों और मार्गदर्शन के लिये आभार व्यक्त करते है। निदेशकगण ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, आर.एम.डी.पी. ठेकेदारों एवं बैंकर्स का भी उनके द्वारा प्रदत्त लगातार संरक्षण एवं सहायता के लिये आभार ज्ञापित करते हैं। मण्डल अपने अंशधारियों का भी धन्यवाद ज्ञापित करता है, जिन्होंने पिछले कई वर्षों से आज तक कोई लाभ न मिलने के बावजूद अपना धैर्य बनाये रखा। उनकी सहायता ने कम्पनी को अपने कठिनाई भरे वर्षों में अपरिमित शक्ति प्रदान की।

निदेशक मण्डल कर्मचारियों द्वारा सभी स्तरों पर कम्पनी के प्रचालन के सुगम संचालन और आधुनिकीकरण परियोजना के लिये उनके गम्भीर प्रयासों और योगदानों के लिये सराहना व्यक्त करता है।

निदेशक मण्डल उन सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों की सराहना करता है जो कम्पनी के आधुनिकीकरण परियोजना में योगदान दे रही हैं।

**निदेशक मण्डल की ओर से तथा उनके लिये**
**हस्ता./-**
**(कमोडोर सौरभ देब) (सेवानिवृत्त)**
**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**
**डी.आई.एन.09068496**

**दिनांक : 16.10.2023**
**स्थान : नई दिल्ली**

## निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक-I

**दिनांक 31.03.2023 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिकों/अ.पि.व. इत्यादि के संबंध में रोजगार की स्थिति**

**1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व**

| समूह | कुल कर्मचारियों की संख्या | अनुसूचितजाति की संख्या | % | अनुसूचित जनजाति की संख्या | % | अन्य पिछड़े वर्गों की संख्या | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए. | 46 | 3 | 6.52 | 0 | 0.00 | 12 | 26.08 |
| बी. | 126 | 9 | 7.14 | 4 | 3.17 | 19 | 15.07 |
| सी. | - | - | - | - | - | - | - |
| डी. | 5 | 5 | 100 | - | - | - | - |

**2. भूतपूर्व सैनिकों का प्रतिनिधित्व**

| समूह | कुल कर्मचारियों की संख्या | विकलांग भूतपूर्व सैनिक | % | युध्द में मारे गये भूतपूर्व सैनिक के आश्रित | % | अन्य भूतपूर्व सैनिक | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए. | 46 | - | - | - | - | 1 | 2.17 |
| बी. | 126 | - | - | - | - | - | - |
| सी. | - | - | - | - | - | - | - |
| डी. | 5 | - | - | - | - | - | - |

**3. शारीरिक विकलांग व्यक्तियों (पी.डब्ल्यू.डी.) का प्रतिनिधित्व**

| समूह | कुल कर्मचारियों की संख्या | शारीरिक विकलांग की संख्या | शारीरिक विकलांगों की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| ए. | 46 | 0 | - |
| बी. | 126 | 0 | - |
| सी. एवं डी. | 5 | 0 | - |

## निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक-II

## दिनांक 31.03.2023 को महिला कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व

| | वेतनमान (रुपये) | कर्मचारियों की संख्या | महिला कर्मचारियों की संख्या | % |
|---|---|---|---|---|
| ए. | अधिकारी | | | |
| | 22500-27300 | 1 | 0 | 0 |
| | 20500-25000 | 0 | 0 | 0 |
| | 18500-23900 | 2 | 0 | 0 |
| | 17500-22300 | 1 | 0 | 0 |
| | 16000-20800 | 3 | 0 | 0 |
| | 14500-18700 | 14 | 1 | 7.14 |
| | 13000-18250 | 12 | 0 | 0 |
| | 10750-16750 | 12 | 0 | 0 |
| | 8600-14600 | 1 | 0 | 0 |
| | 6550-11350 | 18 | 2 | 11.11 |
| **योग "ए"** | | **64** | **3** | **4.68** |
| बी. | नॉन-यूनियनाइज़्ड सुपरवाइज़र्स | | | |
| | 6000-9040 | 22 | 4 | 18.18 |
| **योग "बी"** | | **22** | **4** | **18.18** |
| सी. | कर्मचारी | | | |
| | 5900-8845 | 15 | 0 | 0 |
| | 5800-8760 | 32 | 1 | 3.13 |
| | 5650-8680 | 44 | 2 | 4.55 |
| | 5350-8350 | 0 | 0 | 0 |
| | 5250-8060 | 0 | 0 | 0 |
| | 4850-7600 | 0 | 0 | 0 |
| | 4650-7200 | 0 | 0 | 0 |
| | 4450-6800 | 0 | 0 | 0 |
| | 4300-6450 | 0 | 0 | 0 |
| | 4200-6150 | 0 | 0 | 0 |
| **योग "सी"** | | **91** | **3** | **3.30** |
| **कुल योग (ए+बी+सी)** | | **177** | **10** | **5.65** |

## अनुलग्नक-III

### प्रपत्र "ए"

(ऊर्जा संरक्षण के संदर्भ में विवरणों के खुलासे के लिये प्रपत्र)

| क्र. | विवरण | इकाई | 2022-23 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| I | **अखबारी कागज** | | | |
| | **विद्युत और ईंधन का उपभोग** | | | |
| 1. | विद्युत | | | |
| | (ए) क्रय की गई इकाई (म.प्र.वि.म. ग्रिड) | के.डब्ल्यू.एच. | **8657250** | 4862350 |
| | कुल राशि | रुपये लाख | **953.16** | 537.28 |
| | लागत/इकाई | रुपये | **11.01** | 11.05 |
| | (बी) निजी उत्पादन इकाई | | | |
| | (i) पावर हाउस | के.डब्ल्यू.एच. | **11765400** | 3600 |
| | (ii) डी.जी. सेट | के.डब्ल्यू.एच. | **350** | 1430 |
| | (सी) कुल इकाई (ए + बी) | | **20423000** | 4909330 |
| 2. | पावर हाउस में प्रयुक्त कोयला | | | |
| | मात्रा | मी.टन | **19573.87** | 1204 |
| | कुल लागत | रुपये लाख | **58.78** | 58.78 |
| | औसत दर | रुपये/मी.टन | **4882** | 4882 |
| 3. | ईंधन तेल : डीजल | | | |
| | मात्रा | कि.ली. | **1.65** | 1.05 |
| | कुल राशि | रुपये लाख | **99750** | 99750 |
| | औसत दर | रुपये/कि.ली. | **95000** | 95000 |
| 4. | अन्य/आंतरिक उत्पादन | | **निरंक** | निरंक |
| | **उत्पादन की प्रति इकाई खपत** | | | |
| | अखबारी कागज उत्पादन | मी.टन | **6526** | निरंक |
| | बिजली (क्रय) | के.डब्ल्यू.एच./टन | **1326.57** | निरंक |
| | बिजली (निजी उत्पादन) | के.डब्ल्यू.एच./टन | **1802.85** | निरंक |
| | कागज को कोयला प्रति टन | (किलोग्राम/टन) | **3.126** | निरंक |
| | ईंधन तेल | (लीटर/टन) | | निरंक |

(प्रौद्योगिकी आत्मसातीकरण के संदर्भ में विवरणों के खुलासे के लिये प्रपत्र)

**(ए) भविष्य में अनुसंधान एवं विकास (आर. एण्ड डी.) गतिविधियाँ**

| | | |
|---|---|---|
| | 1. विशिष्ठ क्षेत्र, जिनमें अनुसंधान व विकास किये गये। | (ए) कम से कम रसायनों के साथ अंतिम उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करना एवं विनिर्माण प्रक्रिया में सुधार के लिये वर्ष के दौरान खरीदे गये आधुनिक प्रयोगशाला उपकरणों का उपयोग करना। |
| | 2. उपरोक्त अनुसंधान एवं विकास के परिणामस्वरुप प्राप्त लाभ। | (ए) लागत दक्षता, पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी में सुधार के लिए रिसाइकिल आधारित कच्चे माल का उपयोग।<br>(बी) सोडियम हाइड्रो सल्फाइट एवं हाइड्रोजन पेरोक्साइड का उपयोग कर मौलिक क्लोरीन मुक्त विरंजन। |
| | 3. भावी कार्य योजना | (ए) तैयार कागज उत्पादों (लेखन एवं मुद्रण तथा अखबारी कागज) के वांछित गुणों को प्राप्त करने एवं उत्पादों की सर्वोत्तम गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिये, उन्नत एवं नये स्थापित डि-इंकिंग प्लांट एवं पुनर्निर्मित पेपर मशीन में रसायनों के प्रभावी तथा आर्थिक उपयोग के लिये कच्चे माल और रसायनों के विभिन्न संयोजनों का परीक्षण।<br>(बी) प्रति टन कागज पर पानी की खपत को कम करना एवं उद्योग मानक के अनुसार ई.टी. प्लांट में शून्य तरल निर्वहन अवधारणा को पूर्ण करने में सहायता करना। |
| | 4. अनुसंधान व विकास का व्यय | (ए) पूँजी - 32.00 लाख<br>(बी) आवर्ती - निरंक<br>(सी) कुल - 32.00 लाख |
| (बी) | प्रौद्योगिकी आत्मसातीकरण, अनुकुलन एवं नवीनीकरण | संयंत्र ने वांछित चमक एवं अन्य मापदण्डों के साथ बेहतर गुणवत्ता के अखबारी कागज का उत्पादन प्रारम्भ कर दिया। आने वाले दिनों में नेपा बाजार की आवश्यकता के अनुसार लेखन एवं मुद्रण ग्रेड कागज का उत्पादन प्रारम्भ कर देगा। |
| (सी) | विदेशी मुद्रा अर्जन एवं निर्गमन | निर्यात संबंधित गतिविधियाँ, निर्यात बढ़ाने संबंधी की जाने वाली पहल, उत्पाद तथा सेवा कार्य और निर्यात योजना के लिये नये निर्यात बाजारों का विकास<br>(ए) कम्पनी ने भारत सरकार के ई.पी.सी.जी. (एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स) योजना के तहत संयंत्र और मशीनरी का आयात किया है, जिन्होंने छह गुना निर्यात दायित्व के विरुध्द रुपये 26 करोड़ के ई.पी.सी.जी. अनुज्ञा पर ऋणी की है।<br>निर्यात दायित्व के अनुपालन में, अखबारी कागज तथा लेखन एवं मुद्रण कागज दोनों में निर्यात बाजार की मांग को पूर्ण करने के लिये गुणवत्ता में और वृद्धि के पश्चात तैयार कागज का निर्यात किया जाएगा। |
| (डी) | कुल विदेशी मुद्रा अर्जन एवं निर्गमन | (i) अर्जन - निरंक (गत वर्ष रुपये निरंक)<br>(ii) उपयोग (ओ.आई.एन. की अधिप्राप्ति) - निरंक |

**निदेशक मण्डल की ओर से तथा उनके लिये**

**हस्ता./-**
**(कमोडोर सौरभ देब) (सेवानिवृत्त)**
**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**
**डी.आई.एन. : 09068496**

**हस्ता./-**
**(प्रदीप कुमार नाईक)**
**निदेशक (वित्त) (अतिरिक्त प्रभार)**
**डी.आई.एन. : 08676709**

**दिनांक : 16.10.2023**
**स्थान : नई दिल्ली**

**अनुलग्नक-IV**

**निगमित शासन**

निगमित शासन कम्पनी को इस प्रकार से शासित करने के लिये प्रणाली अथवा उपायों को अंतर्निहित करता है, ताकि, निदेशक मण्डल की अंशधारियों एवं अन्य स्टेकहोल्डरों के प्रति अधिक जवाबदारी सुनिश्चित हो सके। यह निदेशक मण्डल, अंशधारियों के प्रति संस्थापित निदेशकों की जवाबदेही पूँजी निवेशकों तथा पक्षधर समूहों के लिये मार्गदर्शिका को और अधिक प्रभावी बनाने की शुरुआत एवं कार्य निष्पादन की नवीन गुणवत्ता, मण्डल एवं अधिशाषी अधिकारी के मध्य प्रत्यक्ष संबंध बनाने की भूमिका को परिभाषित करता है। आपकी कम्पनी निगमित शासन की सर्वोत्तम वैश्विक प्रणाली को अपनाने के लिये वचनबध्द है। कम्पनी के कार्यों में स्पष्ट की गई निगमित शासन की अपने सम्पूर्ण अंशधारियों के मूल्य और हितों को प्राप्त करने की है।

कम्पनी के निदेशक मण्डल ने केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के लिये सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा लागू की गई निगमित शासन की निर्देशिका को विकसित एवं अपना लिया है। मण्डल ने यह सुनिश्चित किया है कि कम्पनी के पास आवश्यक नियामक साधन हो ताकि वित्तीय स्थिति, कार्य निष्पादन, स्वामित्व एवं कम्पनी की शासन से संबंधित सूचनायें समय एवं यथार्थता के साथ प्रकट की जा सके।

केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के लिये निगमित शासन पर आवश्यक दिशा-निर्देशों के अनुसार निगमित शासन पर प्रतिवेदन नीचे दिया गया है :-

**1. कम्पनी की दार्शनिक प्रणाली**

निगमित शासन पर नेपा लिमिटेड की दार्शनिक प्रणाली, इसके समस्त संचालन में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं सुनीति के उच्चतम स्तर प्राप्त करने का प्रयास है। कम्पनी को विश्वास है कि अनुकूल निगमित शासन दीर्घावधि निगमित लक्ष्य और ग्राहकों का प्रति मूल्य पाने के लिये आवश्यक है। कम्पनी का व्यावसायिक लक्ष्य उत्पादन एवं इसके उत्पाद का विपणन इस प्रकार करना है ताकि प्रभावोत्पादकता का सृजन हो जिससे अंशधारियों, कर्मचारियों, ग्राहकों, सरकार एवं ऋणदाता सहित स्टेकहोल्डरों पर दीर्घावधि प्रभाव कायम रखा जा सके।

**2. निदेशक मण्डल**

**(i) निदेशकों का संयोजन एवं संवर्ग**

**मण्डल का आकार**

नेपा लिमिटेड धारा 2 (45) एवं कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक सरकारी कम्पनी है। कम्पनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुसार, निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास निहित है। तदनुसार, नेपा लिमिटेड के समस्त निदेशकगण भारी उद्योग मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।

कम्पनी के अनुच्छेद के अनुसार, कम्पनी के निदेशकों की संख्या 3 से कम नहीं होंगी।

3. **मण्डल का संयोजन**

दिनांक 31.03.2023 को नेपा लिमिटेड के निदेशक मण्डल में 4 निदेशक सम्मिलित हैं, उनमें से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सहित 2 पूर्णकालिक निदेशक हैं, एक पूर्णकालिक निदेशक-निदेशक (वित्त) एवं दो (2) सरकार द्वारा नामित निदेशक (एक भारत सरकार द्वारा नामित एवं दूसरे मध्यप्रदेश शासन द्वारा नामित) है।

**मण्डल की बैठकें**

वर्ष 2022-23 के दौरान, मण्डल ने 4, दिनांक 27.06.2022, 06.09.2022, 21.11.2022 एवं 18.02.2023 को बैठकें आयोजित की।

वर्ष 2022-23 के लिये निदेशक मंडल की बैठक एवं वार्षिक आम बैठक में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :-

| निदेशकगणों का नाम | श्रेणी | मण्डल बैठक आयोजित | मण्डल की बैठक में सहभागिता का अधिकार | मण्डल बैठक में सहभागिता | पिछले ए.जी.एम. में उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| कमोडोर सौरभ देब | अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक | 4 | 4 | 4 | हाँ |
| * श्रीमती निधि छिब्बर | अंशकालिक कार्यालीन निदेशक | 4 | 1 | 0 | लागू नहीं |
| * डॉ. रेणुका मिश्रा | अंशकालिक कार्यालीन निदेशक | 4 | 3 | 3 | हाँ |
| * श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | अंशकालिक कार्यालीन निदेशक | 4 | 4 | 1 | नहीं |
| * श्रीमती कमलावती सिंह | स्वतंत्र निदेशक | 4 | 4 | 4 | हाँ |
| * श्री पी.के. नाईक | निदेशक (वित्त) | 4 | 4 | 4 | हाँ |
| * श्री अतुल कुमार मिश्रा | अंशकालिक कार्यालीन निदेशक | 0 | 0 | 0 | लागू नहीं |

अन्य सार्वजनिक कम्पनियों में उनके निदेशक एवं अध्यक्ष/मण्डल समितियों की सदस्यता का विवरण, जिसमें वे दिनांक 31.03.2023 को निदेशक हैं, स्थिति दर्शाने वाला विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निदेशकगणों का नाम | अन्य सार्वजनिक कम्पनियों में निदेशकत्व | समिति के पदों पर कायम | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कमोडोर सौरभ देब | निरंक | - | - |
| 2. | * श्रीमती निधि छिब्बर | 1. सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया (सी.सी.आई.)<br>2. राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स & इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आर.ई.आई.एल.)<br>3. इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इण्डिया) लिमिटेड | - | - |
| 3. | * डॉ. रेणुका मिश्रा | 1. सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया (सी.सी.आई.)<br>2. राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स & इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आर.ई.आई.एल.)<br>3. इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इण्डिया) लिमिटेड | - | - |
| 4. | * श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | मध्यप्रदेश राज्य खनन निगम लिमिटेड | - | - |
| 5. | * श्री अतुल कुमार मिश्रा | मध्यप्रदेश राज्य खनन निगम लिमिटेड | - | - |
| 6. | * श्रीमती कमलावती सिंह | निरंक | - | - |
| 7. | * श्री पी.के. नाईक | वर्तमान में ए.जी.एम. (वित्त) बी.एच.ई.एल., भोपाल के रूप में पदनामित | - | - |

* श्रीमती निधि छिब्बर नेपा लिमिटेड में दिनांक 29.06.2022 को अंशकालिक कार्यालीन निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया।
* डॉ. रेणुका मिश्रा नेपा लिमिटेड में दिनांक 29.06.2022 से अंशकालिक कार्यालीन निदेशक के रूप में नियुक्त की गई।
* श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन नेपा लिमिटेड में दिनांक 03.03.2023 को अंशकालीक कार्यालीन निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया, दिनाक 05.06.2023 को भारत सरकार से पुष्टि प्राप्त हुई।
* श्री अतुल कुमार मिश्रा नेपा लिमिटेड में दिनांक 03.03.2023 से अंशकालीक कार्यालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये एवं दिनाक 05.06.2023 को भारत सरकार से पुष्टि प्राप्त हुई।
* श्रीमती कमलावती सिंह नेपा लिमिटेड में दिनांक 19.02.2023 को स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया।
* श्री पी.के. नाईक को दिनांक 02.05.2019 से निदेशक वित्त (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में नियुक्त किया गया है, जिसमें दिनांक 02.05.2023 से और एक वर्ष का विस्तार किया गया है।

## 4. निदेशक मण्डल की समितियाँ

मण्डल ने मण्डल की निम्नलिखित समिति का गठन किया है :-

1. अंकेक्षण समिति
2. स्टेकहोल्डर्स संबंध समिति
3. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

**अंकेक्षण समिति संयोजन**

परिच्छेद 292ए के अनुसरण में, कम्पनी ने दिनांक 18.08.2003 से अपने निदेशक मण्डल में से अंकेक्षण समिति का गठन किया है। अंकेक्षण समिति का समय-समय पर पुनर्गठन किया जाता है, ताकि निगमित शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्वतंत्र निदेशकों को सम्मिलित किया जा सके। अंकेक्षण समिति कम्पनी के लेखा, अंकेक्षण एवं प्रतिवेदित व्यवहारों की गुणवत्ता तथा प्रामाणिकता की निगरानी के लिये और वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं के साथ इनके अनुपालन के लिये मण्डल की जवाबदारी में सहायता करती है। समिति का उद्देश्य कम्पनी की लेखा एवं वित्तीय प्रतिवेदनों की प्रक्रिया, कम्पनी के अंकेक्षण, वित्तीय विवरणों, स्वतंत्रता, वैधानिक अंकेक्षकों का कार्य निष्पादन एवं पारिश्रमिक, आंतरिक अंकेक्षकों का कार्यनिष्पादन, कम्पनी की जोखिम प्रबंधन नीतियों इत्यादि की देखरेख करना है।

अंकेक्षण समिति की संरचना एवं सदस्यों द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कमलावती सिंह | अध्यक्ष (दिनांक 23.03.2022) |
| 2. | श्रीमती निधि छिब्बर | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से दिनांक 29.06.2022 तक) |
| 3. | डॉ. रेणुका मिश्रा | सदस्य (दिनांक 06.09.2022 से) |
| 4. | श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से दिनांक 06.09.2022 तक) |
| 5. | श्री पी.के. नाईक | सदस्य (दिनांक 25.09.2020 से) |

वर्ष 2022-23 के दौरान, मण्डल ने 4, दिनांक 27.06.2022, 06.09.2022, 21.11.2022 एवं 18.02.2023 को बैठकें आयोजित की। सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निदेशक का नाम | श्रेणी | आयोजित बैठकों की संख्या | बैठक में सहभागिता का अधिकार | बैठकों में भागीदारी की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती कमलावती सिंह | स्वतंत्र निदेशक (अध्यक्ष) | 4 | 4 | 4 |
| श्रीमती निधि छिब्बर | नामित निदेशक (सदस्य) | 4 | 1 | 0 |
| डॉ. रेणुका मिश्रा | नामित निदेशक (सदस्य) | 4 | 3 | 3 |
| श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | नामित निदेशक (सदस्य) | 4 | 4 | 1 |
| श्री पी.के. नाईक | निदेशक (वित्त) (सदस्य) | 4 | 4 | 4 |

**स्टेकहोल्डर्स संबंध समिति**

स्टेकहोल्डर्स संबंध समिति अंशों के हस्तांतरण एवं पंजीयन के संबंध में अंश हस्तांतरण/पारगमन, अवास्तविक अंश प्रमाण पत्रों के निर्गमन, विभाजन एवं समेकन अनुरोध तथा अन्य मामलों के अनुमोदन का व्यवहार करती है।

स्टेकहोल्डर्स संबंध समिति का संयोजन निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कमलावती सिंह | अध्यक्ष (दिनांक 23.03.2022 से) |
| 2. | डॉ. रेणुका मिश्रा | सदस्य (दिनांक 06.09.2022 से) |
| 3. | कमोडोर सौरभ देब | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से) |
| 4. | श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से दिनांक 06.09.2022) |

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कोई बैठक आयोजित नहीं की गई थी।

**नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति**

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, जिसमें कम्पनी के गैर-अधिशासी निदेशकगण सम्मिलित है। समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम निम्नानुसार हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कमलावती सिंह | अध्यक्ष (दिनांक 23.03.2022 से) |
| 2. | श्रीमती निधि छिब्बर | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से दिनांक 29.06.2022) |
| 3. | डॉ. रेणुका मिश्रा | सदस्य (दिनांक 06.09.2022 से) |
| 4. | श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से दिनांक 06.09.2022) |
| 5. | श्री पी.के. नाईक | सदस्य (दिनांक 08.09.2021 से) |

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान दो बैठकें दिनांक 21.11.2022 एवं 18.02.2023 को आयोजित की गई है। सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निदेशक का नाम | श्रेणी | आयोजित बैठकों की संख्या | बैठक में सहभागिता का अधिकार | बैठकों में भागीदारी की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती कमलावती सिंह | स्वतंत्र निदेशक (सदस्य एवं अध्यक्ष) | 2 | 2 | 2 |
| श्रीमती निधि छिब्बर | नामित निदेशक (सदस्य) | 2 | 0 | 0 |
| डॉ. रेणुका मिश्रा | नामित निदेशक (सदस्य) | 2 | 2 | 2 |
| श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णन | नामित निदेशक (सदस्य) | 2 | 2 | 0 |
| श्री पी.के. नाईक | निदेशक (वित्त) (सदस्य) | 2 | 2 | 2 |

**साधारण सभा**

| वर्ष | दिनांक | समय | अवस्थिति | विशेष संकल्प पारित |
|---|---|---|---|---|
| 2019-20 | 30.12.2020 | अपराह्न 4.00 बजे | नेपा लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, नेपानगर - 450 221 (म.प्र.) | हाँ |
| 2020-21 | 30.12.2021 तक बढ़ाई गई सभा का आयोजन 14.03.2022 में किया गया | अपराह्न 4.00 बजे | नेपा लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, नेपानगर - 450 221 (म.प्र.) | नहीं |
| 2021-22 | 21.12.2022 | अपराह्न 4.00 बजे | नेपा लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, नेपानगर - 450 221 (म.प्र.) | हाँ |

**पिछले तीन वर्षों में वार्षिक साधारण सभा में पारित विशेष संकल्प का विवरण**

| वर्ष | दिनांक एवं समय | अवस्थिति | विशेष संकल्प पारित |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | 30.12.2020 अपराह्न 4.00 बजे | नेपा लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, नेपानगर - 450 221 (म.प्र.) | 1. नये खण्ड को प्रतिस्थापित करके कम्पनी के संघ के ज्ञापन के अनुच्छेद 4 को हटाना<br>2. नये खण्ड को प्रतिस्थापित करके कम्पनी के संघ के ज्ञापन के अनुच्छेद V को हटाना |
| 2020-21 | 30.12.2021, अपराह्न 4.00 बजे तक बढ़ाई गई सभा का आयोजन 14.03.2022, अपराह्न 4.00 बजे किया गया | नेपा लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, नेपानगर - 450 221 (म.प्र.) | लागू नहीं |
| 2021-22 | 21.12.2022 अपराह्न 4.00 बजे | नेपा लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, नेपानगर - 450 221 (म.प्र.) | 1. कम्पनी के संघ के ज्ञापन के नये खण्ड को अपनाना<br>2. साम्य अंशों का निर्गम एवं आवंटन |

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये वार्षिक साधारण सभा :-

| | |
|---|---|
| दिनांक एवं दिवस | 24.11.2023 |
| माध्यम | ऑनलाइन |
| समय | अपराह्न 4.00 बजे |
| अवस्थिति | नेपानगर |

**6. प्रकटन**

**(i) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कार्यकारी निदेशकों का पारिश्रमिक का भुगतान का विवरण निम्नानुसार है :-**

**(राशि रुपये में)**

| क्र. | विवरण | अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देब |
|---|---|---|
| ए. | वेतन एवं भत्ते | 32,02,033 |
| बी. | पी.एफ. में अंशदान | 1,96,950 |
| सी. | अन्य हितलाभ | - |
| **योग** | | **33,98,983** |

**अंशकालीक गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक**

अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशकों के पास कोई आर्थिक माल संबंधी अथवा कम्पनी तथा इसके प्रबंधन के साथ कोई व्यवहार नहीं है। उन्होंने अधिवेशन फीस के अलावा कोई पारिश्रमिक/कमेशन प्राप्त नहीं किया है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल अधिवेशन फीस का भुगतान रुपये 24,000/- है।

**(ii) पार्टी के व्यवहार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण साक्ष्य, जिसका बड़े पैमाने पर कम्पनी के हित में कोई सम्भावित विरोध हो, का खुलासा :**

वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी में ऐसा कोई व्यवहार नहीं हुआ है।

**(iii) विगत तीन वर्षों के दौरान कम्पनी द्वारा अपालन, शास्ति, सरकार द्वारा जारी कोई दिशा-निर्देशों से संबंधित किसी विषय पर कोई वैधानिक प्राधिकारी द्वारा कम्पनी पर आक्षेप लगाना इत्यादि का विवरण :**

ई.पी.एफ.ओ. की ओर से दिनांक 26.10.2021 को पी.एफ. चालान की देरी से जमा राशि पर शास्ति एवं ब्याज की वसूली के लिये कुर्की आदेश प्राप्त हुआ था।

**(iv) व्हिसील ब्लोवर नीति और अभिपुष्टि ऐसी हो कि कोई भी कार्मिक अंकेक्षण समिति में सम्मिलित होने के लिये मना नहीं करें :**

किसी भी व्यक्ति ने अंकेक्षण समिति में सम्मिलित होने के लिये मना नहीं किया।

**7. संसूचना का साधन**

कम्पनी ने अपने अंशधारियों को वार्षिक प्रतिवेदन, साधारण सभा और वेबसाइट द्वारा प्रकटीकरण के माध्यम से सूचित किया है। कम्पनी के संबंध में सूचना एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी के लिये कम्पनी की वेबसाइट www.nepamills.nic.in पर सम्पर्क साध सकते हैं।

**8. आचार संहिता**

सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डी.पी.ई.) द्वारा सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के लिये जारी निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों के अनुपालन में "नेपा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों एवं मण्डल के सदस्यों के लिये व्यापार आचरण एवं नैतिक संहिता" निर्मित कर दिनांक 06.08.2013 से प्रभावी की जा चुकी है। इस संहिता को अधिकारियों के लिये आचरण, अनुशासन एवं अपील नियमावली के साथ संयोजन कर पढ़ा जाये। इस संहिता का प्रयोजन कम्पनी के मामलों के प्रबंध में पारदर्शी प्रक्रिया और नैतिक प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। यह आचार संहिता निम्नलिखित पर लागू है :

(ए) समस्त पूर्णकालिक निदेशकगण

(बी) विधि के प्रावधानों के तहत स्वतंत्र निदेशकगण के साथ समस्त अंशकालिक निदेशकगण एवं

(सी) वरिष्ठ प्रबंधन (विभागाध्यक्ष)

**निदेशक मण्डल की ओर से तथा उनके लिये**

| | **हस्ता./-** | **हस्ता./-** |
|---|---|---|
| | **(कमोडोर सौरभ देब) (सेवानिवृत्त)** | **(प्रदीप कुमार नाईक)** |
| **दिनांक : 16.10.2023** | **अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक** | **निदेशक (वित्त) (अतिरिक्त प्रभार)** |
| **स्थान : नई दिल्ली** | **डी.आई.एन. : 09068496** | **डी.आई.एन. : 08676709** |

# दिनेश कुमार गुप्ता

**पेशेवर कम्पनी सचिव**

**दिनेश कुमार गुप्ता**
**बी.कॉम., एल.एल.बी. (ऑनर्स), एफ.सी.एस.**

211, द्वितीय तल, **शालीमार** निगमित कार्यालय,
8-बी, साउथ तुकोगंज, **इन्दौर** (म.प्र.) 452 001
फोन : 0731 - 2526208 सेल : 09425059136
ई-मेल : **csdineshgupta@gmail.com**


## निगमित शासन प्रमाण पत्र

सेवा में,
सदस्यगण,
नेपा लिमिटेड,
नेपानगर (म.प्र.)

मैंने दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिये नेपा लिमिटेड (सी.आई.एन.: U21012MP1947GOI000636) (कम्पनी) द्वारा कार्यालय आदेश **क्रमांक** 18(8)2005-जी.एम. दिनांक 14.05.2010 के अनुसार भारत सरकार, सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा **केन्द्रीय** सार्वजनिक उपक्रमों के लिये निगमित शासन पर **जारी** दिशा-निर्देशों में यथा निर्दिष्ट निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन का परीक्षण किया:-

1. निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। मेरा परीक्षण **निगमित** शासन की शर्तों के साथ अनुपालन **सुनिश्चित** करने के लिये कम्पनी द्वारा अपनायी गयी कार्यप्रणाली एवं क्रियान्वयन तक सीमित था। यह कम्पनी के वित्तीय विवरण पर न तो अंकेक्षण है और न ही विचारों की अभिव्यक्ति है।

2. कम्पनी ने नियमों और **एकीकरण** के अन्य क्षेत्रों तथा निगमित एवं परिचालन **प्रयोजन** के साथ दायित्व प्रबंधन के संरक्षण में अनुपालन के पुनरीक्षण के लिये कदम उठाये हैं। **किंतु नीतियाँ और प्रणाली अभी** भी क्रियान्वयनाधीन है।

3. **मेरे मतानुसार एवं मेरी अधिकतम जानकारी और मुझे दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार** मेरी टिप्पणी की **शर्त के अनुसार मैं प्रमाणित करता हूँ कि निम्नलिखित के संबंध में प्रावधान को छोड़कर कम्पनी ने** दिशा-**निर्देशों में यथा निर्दिष्ट निगमित शासन की लागू शर्तों का अनुपालन किया है** :-

   ए) **दो मण्डल बैठकों के बीच** 3 महीने से अधिक का अंतर है, **अर्थात दिनांक** 23.03.2022 एवं दिनांक 27.06.2023 को आयोजित मण्डल बैठक के बीच।
   बी) **निदेशक मण्डल का संयोजन।**
   सी) अंकेक्षण समिति का संयोजन।
   डी) अंकेक्षण समिति की **बैठकों की कार्यसाधक संख्या।**
   ई) **नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का संयोजन।**
   एफ) **त्रैमासिक परिणामों के** प्रकाशन के साधन (समाचार पत्र, वेबसाईट इत्यादि)

4. मैं आगे सूचित करता हूँ **कि ऐसा अनुपालन न तो आश्वासन है, जहाँ तक कम्पनी की भविष्य की** जीवनक्षमता का संबंध है, **न ही क्षमता अथवा प्रभावकारिता, जिसके साथ प्रबंधन ने कम्पनी में मामलें** संचालित किये हैं।

**हस्ता./-**
**दिनेश कुमार गुप्ता**
**पेशेवर कम्पनी सचिव**
**एम.क्र. : 5396 सी.पी.क्र. 4715**
**यू.डी.आई.एन. : F005396E001526421**

**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक : 30.10.2023**

आई.जी. & एसोशिएट्स
कम्पनी सचिव
कार्यालय : 608-ए, दि वन, 5, आर.एन.टी. मार्ग, इंदौर-452 001 (म.प्र.)
ई-मेल : igassociatescs@gmail.com मोबाईल : 09009403008

ईशा गर्ग
एफ.सी.एस., एम.बी.ए.

## प्रपत्र क्र. एम.आर.-3

### सचिवीय अंकेक्षण प्रतिवेदन
### दिनांक 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये

**[कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) एवं कम्पनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसार]**

**सेवा में,**
सदस्यगण,
नेपा लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालय : नेपानगर,
जिला बुरहानपुर - 450 221 (म.प्र.)
सी.आई.एन. : U21012MP1947GOI000636

हम नेपा लिमिटेड (इसके आगे कम्पनी कहा गया) सी.आई.एन. : U21012MP1947GOI000636 द्वारा कुशल निगमित अभ्यास के अनुपालन हेतु अनुकूल सांविधिक प्रावधान की सम्मति से सचिवीय अंकेक्षण संचालित कर चुके हैं। सचिवीय अंकेक्षण इस रुप में संचालित किया गया था कि मुझे/हमें निगमित, व्यवहार/ सांविधिक समाप्ति और मेरे अभिमत की अभिव्यक्ति के लिये उचित आधार प्रदान किया जाये।

कम्पनी द्वारा रखी गई कम्पनी की पुस्तकें, कागज़ात, कार्यवृत्त पुस्तकें, प्रपत्र एवं दायर विवरणियाँ तथा अन्य दस्तावेज़ और कम्पनी द्वारा प्रदान की गई सूचना की मेरी/हमारी पुष्टि पर आधारित, इनके अधिकारी, एजेंट्स और प्रमाणित प्रतिनिधि सचिवीय अंकेक्षण आयोजित करने के दौरान मेरा/हमारा इस प्रकार प्रतिवेदन है कि हमारे अभिमत में, कम्पनी के पास, अंकेक्षण समय दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान :

- यहाँ नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया गया है एवं
- पर्याप्त मण्डल प्रक्रियायें एवं अनुपालन तंत्र स्थापित हो;

इसके पश्चात किये गये प्रतिवेदन की सीमा तक, तरीके से एवं उसके अधीन बना है।

हम दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये नेपा लिमिटेड (कम्पनी) द्वारा रखी गई पुस्तकें, कागज़ात, कार्यवृत्त पुस्तकें, प्रपत्र एवं दायर विवरणियाँ और अन्य की निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार जाँच कर चुके हैं :-

(i) कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके तहत बने नियम, संशोधनों छूटों एवं स्पष्टीकरणों के साथ पढ़ा जावे, के अंतर्गत; **(अनुलग्नक-I में सूचीबद्ध टिप्पणियों एवं गैर अनुपालन के अनुसरण की शर्तों पर)**

(ii) सुरक्षा ठेका (विनियम) अधिनियम, 1956 (एस.सी.आर.ए.) और इसके तहत बने नियमों के अंतर्गत;

(iii) जमाकर्त्ता अधिनियम, 1996 एवं विनियम और इसके तहत बनाये गये बायलॉज के अंतर्गत;

(iv) विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेश प्रत्यक्ष निवेश, स्वदेशी प्रत्यक्ष निवेश एवं बाह्य वाणिज्यिक ऋणी की सीमा के अंतर्गत नियम बनाये गये;

(v) सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल अधिनियम, 1992 (एस.ई.बी.आई. अधिनियम) के अंतर्गत विनियम और नियत निर्देश निम्नलिखित है :- **लागू नहीं**

(ए) सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (अंशों और कब्जा का वास्तविक उपार्जन) विनियम, 2011, समय-समय पर संशोधित। **लागू नहीं**

(बी) सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (अंत: व्यापार का प्रतिबंध) विनियम, 1992 एवं सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (अंत: व्यापार का प्रतिबंध) विनियम, 2015, समय-समय पर संशोधित। **लागू नहीं**

(सी) सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (पूँजी और आवश्यक खुलासे का निर्गमन) विनियम, 2009, समय-समय पर संशोधित। **लागू नहीं**

(डी) सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना एवं कर्मचारी स्टॉक क्रय योजना) निर्देश, 1999 एवं सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (अंश आधारित कर्मचारी हित लाभ) विनियम, 2014. **लागू नहीं**

(ई) सुरक्षा एवं भारतीय विनिमय मण्डल (सुरक्षा देय का निर्गमन एवं सूचीबध्दता) विनियम, 2008. **लागू नहीं**

